डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
11 जनवरी 2025 शनिवार

आज का मौसम
27 अधिकतम
10 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



# इसी महीने दोबारा आएगी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ की तिथि!

## सुबह से अयोध्या में धूम, विशेष पूजा अर्चना का दौर, पंचामृत से अभिषेक, लाखों श्रध्दालु पहुंचे अयोध्या

**अयोध्या, एजेंसी**

रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की आज अयोध्या में पहली वर्षगांठ धूमधाम व श्रध्दाभक्ति के साथ मनाई जा रही है। रामलाल की विशेष पूजा की गई है। पुजारियों ने रामलला का पंचामृत अभिषेक किया। पहले दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से अभिषेक किया, फिर गंगाजल से नहलाया। आज के खास मौके पर राम मंदिर को विदेशी फूलों से सजाया गया है। दिल्ली, हिमाचल समेत कई राज्यों से लोग रामलला के दर्शन करने पहुंचे हैं। मंदिर ट्रस्ट ने अंगद टीला पर जर्मन हैंगर टेंट लगवाए हैं। यहां पर 5 हजार श्रद्धालु रामकथा सुनेंगे। इनमें 110 वीआईपी गेस्ट होंगे। मंदिर ट्रस्ट के मुताबिक, आज ही करीब दो लाख भक्त रामलला का दर्शन करेंगे। प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर आज 11 से 13 जनवरी तक उत्सव होंगे। इन तीन दिनों में वीआईपी दर्शन नहीं कराए जाएंगे। आम दर्शन सुबह 6.30 बजे से रात 9.30 बजे तक जारी रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को इस मौके पर बधाई दी। उन्होंने कहा- राम मंदिर विकसित भारत की संकल्प सिद्धि में मदद करेगा। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी रामलला ने रामलला की महाआरती की। दरअसल रामलला के प्राणप्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ तारीख से नहीं बल्कि तिथि से मनाई जा रही है। ये तिथि पौष महीने के शुक्ल पक्ष की द्वादशी है। जो इस बार 11 जनवरी को पड़ी है और फिर इसी साल ये तिथि 31 दिसंबर को भी आने वाली है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ में हुए इस बड़े बदलाव हिंदू पंचांग के अनुसार त्योहारों की तारीखों के बदलने के चलते हुआ है। जहां प्राण प्रतिष्ठा पौष शुक्ल द्वादशी के दिन हुई थी, जो कि बीते साल 2024 को 22 जनवरी को पड़ रहा था। वहीं अब यह तिथि 2025 को 11 जनवरी यानि आज पड़ी है। इसलिए आज प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ मनाई जा रही है। इसे प्रतिष्ठा द्वादशी भी कहा जाता है। जबकी अंग्रेजी महीनों के अनुसार यह वर्षगांठ 22 जनवरी को पड़ रही है।



# गाली-गलौज से जोधा अकबर तक पहुंचा भाजपा-आप का पोस्टवार

## आपदा-ए -आजम हैं केजरीवाल, भाजपा ने कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी और भाजपा में शुरू हुआ पोस्टर वॉर लगातार तीखा होता जा रहा है। अब आप पार्टी ने आज सुबह एक्स पर जारी नए पोस्टर में भाजपा को भारतीय गाली-गलौज पार्टी बताया व लिखा- गाली गलौज वाली पार्टी से बचिए और इस बार फिर केजरीवाल को चुनिए। इसके जवाब में भाजपा ने फिल्म जोधा अकबर का एडिटेड पोस्टर जारी किया। इसमें उन्होंने केजरीवाल को शीशमहल वाला आपदा-ए-आजम बताया। इसके अलावा भाजपा ने फिल्म वेडनस डे का एडिडेट वीडियो भी जारी किया है, जिसमें केजरीवाल को महाठग बताया गया है। इससे पहले भी



भाजपा ने केजरीवाल को भूलभुलैया फिल्म का एडिटेड पोस्टर जारी करके केजरीवाल को चुनावी हिंदू बताया था, जिसके जवाब में आप ने अमित शाह को चुनावी मुसलमान बताते हुए पोस्टर जारी किया था। गौरतलब है कि दिल्ली में चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। 5 फरवरी को सभी 70 सीटों पर वोटिंग होगी। वहीं, 8 फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है।

## गठबंधन टूटा तो कांग्रेस होगी जिम्मेदार: राउत

**नई दिल्ली।** शिवसेना उद्धव गुट के सांसद संजय राउत ने इंडिया ब्लॉक को लेकर कांग्रेस से सवाल पूछे हैं। उन्होंने कहा कि हमने लोकसभा चुनाव एक साथ लड़े और अच्छे नतीजे मिले। आगे की योजना के लिए कांग्रेस को इंडिया ब्लॉक की बैठक करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अगर गठबंधन टूटा तो कांग्रेस इसके लिए जिम्मेदार होगी। राउत ने आगे कहा कि ब्लाक को एकजुट रखना कांग्रेस की जिम्मेदारी है, क्योंकि वह गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी है। अगर गठबंधन का वजूद नहीं है तो कांग्रेस ही इसकी घोषणा कर दे।

## मुख्यमंत्री यादव ने कई नई परियोजना का भूमिपूजन व लोकार्पण किया

# किसानों को सिंचाई सुविधा की सौगात ढाई हजार करोड़ रुपए के दो प्रोजेक्ट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज सेंधवा में सेंधवा और निवाली माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया है, करीब 2491 करो? की लागत से निर्मित होने वाली दोनों परियोजनाए क्षेत्र के लिये बहुत महत्वाकांक्षी हैं। मुख्यमंत्री ने आज समारोहपूर्वक 19 कार्यों का लोकार्पण किया है। बताया जाता है कि सेंधवा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना से जिले के 98 ग्रामों में लगभग 44148.50 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा निर्मित होगी। इस परियोजना के शुरू हो जाने पर लगभग 53 हजार कृषक सीधे लाभान्वित होंगे। जबकि 1088.24 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली निवाली माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना से जिले के 87 ग्रामों में लगभग 33 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा निर्मित होगी। आज मुख्यमंत्री शाम को इंदौर भी पहुंचेंगे तथा इंदौर के ग्राम कलारिया में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण करेंगे,इसके बाद वे नर्मदा चौराहा रिती मंडी रोड़ पर मां नर्मदाजी की प्रतिमा का अनावरण और मां नर्मदा चौराहा सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण करने के बाद देर शाम भोपाल लौटेंगे।




## इधर असमंजस में भाजपा, उधर इंदौर में इस्तीफा

भाजपा अपने जिलाध्यक्षों की घोषणा मामले में अब तक असमंजस से बाहर नहीं निकल पा रही है। कल देर रात तक जिलाध्यक्षों की सूची जारी होने के आसार जताए गए थे लेकिन अब सारी उम्मीदें आज भी टिकी हैं। बताया जाता है कि करीब 60 नामों पर सहमति बन चुकी है। दरअसल विवाद और खींचतान के चलते भाजपा ने जिलो में सहमति बनाकर वहीं से नामों के ऐलान की रणनीति बनाई थी लेकिन इसमें भी कई दिक्कतें उभर आई हैं। दूसरी तरफ इंदौर में एमआईसी सदस्य जीतू यादव और पार्षद कमलेश कालरा के बीच चल रहे विवाद के बीच आज नया मोड़ आया है। जीतू यादव ने भाजपा और महापौर परिषद व पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। यह भी सामने आया कि कालरा के घर हमला और उनके नाबालिग बेटे को निर्वस्त्र करने वाले आरोपितों में कुछ नगर निगम मस्टरकर्मी भी शामिल हैं। घटना के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने चुप्पी साध ली थी। माना जाता है कि हाइकमान ने इसे बहुत गंभीरता से लिया है। हालांकि सांसद शंकर लालवानी ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए पोस्ट डाली तो महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी कालरा के घर पहुंचे थे। नगर निगम ने इसकी जांच शुरू कर भी दी है।

## आप विधायक की सिर में गोली लगने से मौत

**चंडीगढ़, एजेंसी**



पंजाब के लुधियाना के विधानसभा क्षेत्र वेस्ट से आम आदमी पार्टी विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी की गोली लगने से मौत हो गई है। घटना बीती रात 12 बजे की है। जांच में सामने आया कि गोगी घर में अपना लाइसेंसी पिस्टल साफ कर रहे थे। इसी दौरान अचानक गोली चल गई। गोली सिर से आर-पार हुई। पुलिस का कहना है कि पिस्टल 25 बोर का था। विधायक की मौत किन हालातों में हुई है यह कहना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि सीन ऑफ क्राइम हमने देखा है। किचन में काम करने वाले नौकर ने बताया कि वेपन से एक ही फायर हुआ। उन्होंने कहा कि अभी डिप्रेशन जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। उन्होंने रूटीन की तरह खाना खाया था।

## आठ साल की बच्ची की कार्डिएक अरेस्ट से मौत

**अहमदाबाद।** एक निजी स्कूल में 8 साल की बच्ची की कार्डिएक अरेस्ट से मौत हो गई। गार्गी नामक बच्ची राणपरा सुबह करीब 8 बजे स्कूल पहुंची थी। सीढ़ियां चढ़ते वक्त उसके सीने में दर्द उठा। इसके बाद बच्ची लॉबी की बेंच पर बैठ गई और कुछ ही सेकेंड्स में जमीन पर गिर गई। स्कूल स्टाफ ने बच्ची को हॉस्पिटल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कर्नाटक में सेंट फ्रांसिस स्कूल में भी कुछ दिन पहले 8 साल की बच्ची तेजस्विनी क्लासरूम में टीचर को अपनी कॉपी दिखाने के लिए अपनी सीट से उठी और बेहोश हो गई। खुद को संभालने के लिए तेजस्विनी ने दीवार का सहारा भी लिया, लेकिन जमीन पर गिर गई। उसकी मौत का कारण भी कार्डिएक अरेस्ट बताया।

# असल कामकाज तो चार पांच घंटे में पूरा हो जाता है: शेनॉय

## कामकाज के घंटों पर बहस के बीच कारोबारी की नई थ्योरी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

किसी कामकाजी व्यक्ति को कितने घंटे काम करना चाहिए? इस पर देशभर में जबर्दस्त बहस छिडी हुई है। पहले दिग?गज अरबपति नारायण मूर्ति ने सप?ताह में 70 घंटे काम की बात कही तो लार्सन एंड टूब्रो के चेयरमैन ने 90 घंटे काम करने की सलाह देकर बवाल पैदा कर दिया है। इस लेकर सुब्रमण्यन ट्रोल भी हो रहे हैं। इसी बीच, कैपिटलमाइंड के संस्थापक और सीईओ दीपक शेनॉय ने प्रोडक्टिविटी और वर्क लाइफ बैलेंस पर कहा है कि यह चर्चा है कि यदि 90 घंटे सप्ताह में काम करेंगे, तो फिर घर या अन्य कामों के लिए वक्त ही कहां बचेगा? मगर वे अक्सर सप्ताह में 100 घंटे से ज्यादा काम करते हैं, लेकिन असली काम अक्सर दिन के 4-5 घंटों के दौरान ही पूरा हो जाता है। उनकी पोस्ट से यह संकेत मिलता है कि यह काम किए गए घंटों



की संख्या के बारे में नहीं है, बल्कि उन घंटों के दौरान तीव्रता और फोकस के बारे में है। शेनॉय ने काम के घंटों को लागू करने की पारंपरिक धारणा को भी चुनौती दी है। शेनॉय ने एक्स पर लिखा है, आपको काम के घंटे लागू करने की जरूरत नहीं है, जो लोग प्रेरित हैं वे खुशी से काम करेंगे. किसी भी मामले में ज्यादातर वास्तविक काम दिन में 4-5 घंटे में होता है, लेकिन आपको नहीं पता कि यह कब होता है.

**मेट्रो एंकर**

## बमुश्किल मनाकर दो एपिसोड की शूटिंग कराई गई, 25 साल से चल रहा है शो

# केबीसी की शूटिंग बंद, चैनल से सख्त नाराज अमिताभ!

**मुंबई.एजेंसी**

पिछले 25 साल से चल रहे मशहूर टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति के आगामी एपिसोड पर खतरा मंडराने लगा है, क्योंकि अमिताभ बच्चन सोनी चैनल के निजाम से नाराज हो गए हैं। यदि वे दो दिन पहले सेट पर नहीं आते तो गुरूवार और शुक्रवार को चैनल के पास दिखाने के लिये एपिसोड तक नहीं थे। खबरों के मुताबिक टेलीविजन चैनल सोनी का माहौल इसका निजाम बदलने के बाद से ठीक नहीं है। पहले तो इसके तमाम नए धारावाहिक इस वजह से रद्द कर दिए गए कि इनकी कोई टीआरपी ही नहीं आ रही तो इन पर निवेश करने से क्या फायदा? फिर पुराने धारावाहिक 'सीआईडी' ने आते ही अपने नए सीजन में 'कौन बनेगा करोड़पति' से ज्यादा टीआरपी लाकर नया बवाल कर दिया है। अब हालत ये है कि पूरे चैनल में किसी को नहीं पता कि 'कौन



बनेगा करोड़पति' आगे जारी रहेगा या बीच में ही बंद हो जाएगा। सूत्र बताते हैं कि सप्ताह के शुरू से ही शूटिंग पर नहीं आने के बाद अगर बुधवार की शूटिंग के लिए भी अमिताभ हां न करते तो चैनल संकट में आ जाता। उन्होंने उस दिन भी दो एपिसोड शूट किए,अब सोमवार को दिखाने के लिये चैनल के पास एपिसोड कल तक नहीं थे।

दरअसल, कहा यह जा रहा है कि अमिताभ के नाम का फायदा उठाकर इस सीजन में 'कौन बनेगा करोड़पति' से सोनी चैनल की सेल्स टीम ने खूब पैसे बटोरे हैं। अलग-अलग उत्पादों के नाम तक लेकर अमिताभ बच्चन ने इसमें चैनल की सहायता भी की, मगर अब पानी सिर से ऊपर जा रहा है। इसके पहले भी साउथ सितारों की मौजूदगी में शूट होने वाले 'कौन बनेगा करोड़पति' के एक ज्वेलरी स्पेशल एपिसोड की शूटिंग अमिताभ बच्चन ने इसलिए ऐन मौके पर रद्द कर दी थी क्योंकि इसके लिए उन्हें पहले से 'विश्वास' में नहीं लिया गया।

हालांकि कौन बनेगा करोड़पति को बंद कर देने के फैसले वाले सवाल का जवाब देने के लिए टीवी चैनल सोनी चैनल में बीते तीन दिन से कोई तैयार नहीं है। बताते हैं कि इस सीजन के लिए अमिताभ बच्चन के साथ सौ एपिसोड का जो करार हुआ था, वे सौ एपिसोड पहले ही पूरे कर चुके हैं। हालांकि बीच में तय हुआ कि कार्यक्रम का 50 एपिसोड का विस्तार और किया जाए, इसमें से भी 10 एपिसोड अमिताभ पूरे कर चुके हैं। अब बाकी के 40 एपिसोड पर घमासान है। सोनी टीवी का हाल ये है आधिकारिक प्रवक्ताओं चुप हैं। कोई कहता है कि वह पहले ही सोनी की नौकरी छोड़ चुके हैं। तो दूसरा बताता है कि वह नोटिस पर है। जबकि एक पीआर एजेंसी कह रही है कि अमिताभ की तबीयत ठीक न होने के चलते इसकी शूटिंग में विलंब हुआ, बाकी सब ठीक ठाक है ?

## ऑडी कार ने डिवाइडर पार कर दूसरी कार को रौंदा

**नई दिल्ली।** राजधानी के भीकाजी कामा प्लेस में बड़ा हादसा हुआ है। यहां डिवाइडर पार कर एक ऑडी कार ने दूसरी तरफ से आ रही अर्टिगा कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हादसे में अर्टिगा कार के



ड्राइवर की मौत हो गई और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद ऑडी सवार कार छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने ऑडी कार बरामद कर ली है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के जरिए ऑडी कार चलाने वालों का पता लग रही है। अलीपुर इलाके में एक रिट्ज कार और आयशर टेंपो के बीच आमने सामने की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस आयशर को जब्त कर उसके चालक की तलाश कर रही है।

## विज्ञान समारोह






भोपाल, दोपहर मेट्रो। अटल बिहारी वाजपेई हिंदी विश्वविद्यालय विज्ञान समारोह का राज्यपाल उद्घाटन किया।

# स्वच्छ शहर की परीक्षा शुरू रिजल्ट इस महीने के अंत में


### नगरीय विकास मंत्रालय की मूल्यांकन समिति जारी करेगी रिपोर्ट, सर्वे की जानकारी भेजी

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के लिए जरूरी सर्वे केंद्रीय टीम ने पूरा कर लिया है। सर्वे से जुड़े सप्लीमेंट्री सवालों के जवाब भी वीडियो रिकॉर्डिंग और दस्तावेज की शक्ल में केंद्र सरकार को भेज दिए हैं। इस बार भी भोपाल का मुकाबला इंदौर से है। राजधानी भोपाल देशभर में स्वच्छता के मामले में पांचवें पायदान पर टिका हुआ है। जानकारों की राय में नगरीय विकास मंत्रालय दिल्ली की तरफ से मूल्यांकन समिति की रिपोर्ट इस महीने के अंत तक या फरवरी के पहले पखवाड़े में जारी कर दी जाएगी। कचरा कलेक्शन और इसके निष्पादन के लिए एनजीटी के निर्देश और सभी मापदंडों का पालन किया जा रहा है। स्वच्छता सर्वे में अव्वल आने इस बार पूरा प्रयास किया गया है।

### एनवायरमेंट रिसर्च इंस्टीट्यूट ने किया निरीक्षण

इधर, दिल्ली से रिपोर्ट जारी होने के बीच न्यायालय के निर्देश पर नेशनल एनवायरमेंट रिसर्च इंस्टीट्यूट की एक टीम ने भोपाल का निरीक्षण किया है। न्यायालय के निर्देश पर गठित इस समिति ने शहर के कचरा कलेक्शन और इसके वैज्ञानिक निस्तारण की पद्धति की बारीक जांच की है। ये रिपोर्ट न्यायालय में चल रहे एक प्रकरण की सुनवाई में पेश की जानी है।



### कचरा प्रबंधन में गिरावट

केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण पूरा होने के बाद शहर के कचरा कलेक्शन और इसके प्रबंधन के प्रतिशत में लगातार गिरावट आ रही है। भोपाल नगर निगम के अंतर्गत 85 वार्ड से प्रतिदिन 850 मीट्रिक टन तक कचरा निकल रहा है। नगर निगम के आंकड़ों के मुताबिक लगभग 70 प्रतिशत कचरा डोर टू डोर और अनेक स्थानों से कलेक्ट किया जा रहा है। आदमपुर खंती में कचरा प्रबंधन का प्रतिशत और कम आंका गया है। जितना कचरा नगर निगम के वाहनों से आदमपुर पहुंचता है उसका लगभग 60 प्रतिशत ही प्रतिदिन वैज्ञानिक तरीके से निष्पादित हो पा रहा है।

# आंगनबाड़ी केंद्र के भवनों पर कब्जा नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष (कार्यवाहक) मनोहर ममतानी ने भोपाल सहित प्रदेश के सात मामलों में संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है। पहला मामला आंगनबाड़ी केंद्र के लिए बनाये भवनों पर कब्जा होने का है। मामले में आयोग ने नगर निगम आयुक्त और महिला एवं बाल विकास अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।



**यह है पूरा मामला:** भोपाल जिले के ईदगाह हिल्स स्थित वाजपेयी नगर में संचालित होने वाली 16 आंगनबाड़ी केंद्र मे से 09 आंगनबाड़ी केंद्र किराये के भवन में संचालित होने का मामला सामने आया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि 6 भवन आंगनबाड़ी केंद्र के लिये बनकर तैयार हो गये है, जिनमे से तीन भवन में लोगों ने कब्जा कर लिया है। जहां केंद्र चल रहे है वहां बच्चों के खेलने की सुविधा भी नहीं है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग न सड़क पर नाले का पानी, गंदगी से गुजरने को मजबूर लोग भोपाल जिले के ग्राम कलारा की सड़कों पर नाले का पानी बहने का मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सड़क किनारे नाली निर्माण नहीं होने के कारण गंदा और दूषित पानी सड़कों पर बहने लगा है, जिसके चलते रहवासियों को आवाजाही करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले में आयोग ने कलेक्टर, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

## मेधावी विद्यार्थियों के घर पहुंच कर जताया आभार

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।** नवयुवक सभा द्वारा संचालित अनंदराम टी. शाहानी कन्या विद्यालय द्वारा मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन अभियान में परीक्षा पूर्व पालकों और शिक्षकों में समन्वय के लिए विद्यालय की टीम विद्यार्थियों के घर पहुंच रही हे। बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चों की तैयारियों को लेकर अभिभावकों से चर्चा की जा रही है। विद्यालय की प्राचार्या ज्योति चौहान शिक्षिका रितु मूलचंदानी, विनीता परयानी, प्रिया गनवानी, हेमा दामानी, हेमन्त पटीदार, हेमन्त मारने अभिभावकों से संपर्क किया।

## बरकतउल्ला विवि के छात्रावास में छत का प्लास्टर गिरा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के छात्रावास की स्थिति ठीक नहीं है। विवि के परिसर में स्थित मुंशी प्रेमचंद हॉस्टल की छत का कुछ हिस्सा गिर गया। हालांकि इस घटना में किसी छात्र को चोट नहीं आई है। यह हिस्सा होस्टल के प्रवेश द्वार का है। घटना के समय वहां से कुछ छात्र गुजर रहे थे, जिनके गुजरने के तुरंत बाद यह हिस्सा गिरा। छात्रों का आरोप है यहां छत गिरी है मगर अभी तक प्रबंधन की तरफ से इसकी कोई खैर खबर नहीं ली गई है। यहां ध्यान रहे कि मुंशी प्रेमचंद हॉस्टल की इमारत 40 साल से ज्यादा पुरानी है।

# एसटीआर की फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा समेत 30 आईएफएस को पदोन्नति, पद व वेतन दोनों में फायदा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की फील्ड डायरेक्टर एवं वन संरक्षक राखी नंदा समेत भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के 30 अधिकारियों को पदोन्नति दी गई है। इसमें पद तो बढ़े ही हैं वेतनमान में भी वृद्धि हुई है। यह निर्णय बीते दिनों हुई विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में लिया था। सरकार ने शुक्रवार को इसके आदेश भी जारी कर दिए। इसमें 7 वन संरक्षक (सीएफ) को मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) के पद पर पदोन्नत किया है। इसी तरह बाकी के अधिकारियों के पद और वेतनमान में भी बढ़ोतरी की है।

- **ये आइएफएस, जिन्हें सीसीएफ बनाया:** राखी नंदा, राजेश खरे, संजीव झा, एपीएस सेंगर, राजेश कुमार राय, रमेश गणावा, एमआर बघेल।
- **ये आइएफएस, जो वन संरक्षक बने:** मीना कुमार मिश्रा, अनुराग कुमार, संध्या।
- **इन आइएफएस को प्रवर श्रेणी वेतनमान दिया:** क्षितिज कुमार, प्रियांशी सिंह, संजय कुमार चौहान, लवित भारती, महेंद्र प्रताप सिंह।
- **ये आइएफएस, जिन्हें वरिष्ठ वेतनमान दिया:** अरिहंत कोचर, डेविड व्यंकटराव चनाप, निधि चौहान, वीरेंद्र कुमार पटेल, नम्रता बिजोरिया, श्रेयस श्रीवास्तव।
- **ये आइएफएस, जिन्हें कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड वेतनमान मिला:** अखिल बंसल, नेहा श्रीवास्तव, अंकित पांडेय, विजय कुमार, गौरव शर्मा, अक्षय राठौर, अधर गुप्ता, हरे सिंह ठाकुर, भारती ठाकरे, मगन सिंह डाबर, रमेश राठौर, संदीप फैलोज।

### संतनगर में निकली भव्य प्रभात फेरी, गूंजे भजन

## बहिराणा साहिब के विसर्जन के साथ चालीहा का समापन



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

भगवान झूलेलालजी के 26 वें वंशज ठकुर साई मनीषलाल साहिबजी (साई भरूचवारा) के आह्वान पर नाहीरी माह झूलेलाल चालीहा साहिब प्रभात फेरी का शुक्रवार को बहिराणा साहिब की जोत विसर्जन के साथ समापन हुआ। सिंधी समाज के इष्ट देव भगवान श्री झूलेलाल जी के वंशज ठकुर अपने शिष्यों एवं अनुयायियों के भले एवं कल्याण के लिए 40 दिन का कठिन उपवास रखकर संतनगर में प्रभात फेरी निकाली। शुक्रवार को सुबह 5ः00 बजे पूज्य बहिराणां साहब का आयोजन कर सुबह 7ः30 मंदिर से प्रभात फेरी शुरू हुई जिसमें ब?ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्रभात फेरी का स्वागत में शहर की कई गणमान्य संस्थाओं एवं परिवारों द्वारा किया गया। पूरे रास्ते पुष्प वर्षा की गई। सुबह 10ः00 बजे मंदिर वापस पहुंची। ठकुर आसनलाल धर्मशाला में भंडारे का आयोजन किया गया। पूज्य बहिराणा साहिब का विसर्जन शीतल दास की बगिया पूर्ण विधि विधान से किया गया । विसर्जन में दक्षिण पश्चिम विधायक माननीय भगवान दास सबनानी जी विशेष रूप से शामिल हुए।



## शिव आराधना: शिवधुनी के लिए तीन दिनी अनुष्ठान 12 जनवरी से

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

पूर्ण ज्योति सेवा संस्था हरि ओम नम. शिवाय धुनी का आयोजन करेगी जो 12 से 14 जनवरी तक चलेगी। शिवपुराण कथा वाचक मुकेशजी के सानिध्य में होने वाली शिवधुनी की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। 12 जनवरी को होगी, जो 14 तक चलेगी। बैठक में मुकेशजी ने बताया की शिवधुनी में दोपहर 3ः00 बजे से 6ः00 तक महिलाओं एवं शाम 6ः00 से 9ः00 तक का समय पुरुषों शामिल होंगे। मुकेशजी ने कहा कि धुनी लगाने आए तो काले वस्त्र पहनकर ना आए सफेद अथवा हल्के रंग के वस्त्रों का प्रयोग करें। बैठक में में हीरो इसरानी, महेश खटवानी, नानक ददलानी, प्रभु दास गुलचंदानी, प्रवीण होतवानी, अशोक तनवानी, मधु घनश्यानी, शमी गंगवानी, प्रकाश मीणा, सिंधी महिला पंचायत की अध्यक्ष किरण वाधवानी, संध्या प्रधान, निर्मला सोनी, भारती मूलचंदानी, मधु लालवानी, सोनू जैन, पूनम यादव, पुष्पा मोतियानी, ज्योति शशि चौहान, ज्योति पवार, भावना उदासी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### सिविल अस्पताल में मरीजों को फल किए वितरित

## 37 वें स्थापना दिवस पर सिंधी पंचायत ने किए सेवा कार्य



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

पूज्य सिंधी पंचायत ने अपना 37वां स्थापना दिवस मनाया। जहां पंचायत कार्यालय में सेवा का संकल्प लिया गया, वहीं सिविल अस्पताल में मरीजों का फल वितरित किए गए। पंचायत कार्यालय में माधु चांदवानी की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें पंचायत पदाधिकारियों ने संगठन के सफर में सेवाएं देने वालों को आभार जताया। सिविल अस्पताल के मुख्य द्वार पर चांदवानी ने पंचायत की 37 वर्षों की यात्रा का जिक्र किया। उन्होंने अस्पताल का नाम घोषणा के बाद भी दादा साधु वासवानी के नाम न होने पर दुःख व्यक्त करते हुए नाम बदले जाने की मांग दोहराई। इस अवसर पर पंचायत के नंद दादलानी, भरत आसवानी, मोहन मीरचंदानी, गुलाब जेठानी, माधव पारदासानी, हरीश मेहरचंदानी, घनश्याम लालवानी, किशोर साधवानी, प्रेम कुमार पठानी, नरेश पेसवानी, हरीश साधवानी, मुरली गुरबानी, बूलचंद वासवानी, जानकीलाल भारानी आदि उपस्थित थे। मोहन मीरचंदानी का स्वागत किया गया( मीरचंदानी का स्वागतः पूज्य सिंधी पंचायत के सचिव मोहन मीरचंदानी का जन्म दिन पर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी, महासचिव नंद दादलानी, कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी, सह कोषाध्यक्ष माधव पारदासानी, आडिटर हरीश मेहरचंदानी, घनश्याम लालवानी, हरीश साधवानी, मुरली गुरबानी, चन्द्र ज्ञानचंदानी शामिल है।

# राहुल की रैली के पहले गांव शहरों में रैली करके माहौल बनाएगी कांग्रेस

## मंथन के लंबे सत्र में कामकाज और अन्य विषयों पर उभरी मतभिन्नताए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र में अंबेडकर की जन्मस्थली महू में अब 26 जनवरी को होने वाली कांग्रेस की 'जय भीम, जय बापू, जय संविधान' रैली 27 जनवरी को होगी। तीन दिन पहले कांग्रेस की मीटिंग में पार्टी नेताओं ने तारीख बदलने की मांग की थी। इस पर हाइकमान ने सहमति दे दी है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस 27 जनवरी को महू में होने वाली रैली से पहले मध्यप्रदेश के गांव-गांव में और वार्डों में सुबह-शाम प्रभात फेरियां निकालेगी। इससे पहले कल दिननभर कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें 27 जनवरी के इस बड़े आयोजन को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई। इस दौरान पार्टी के कामकाज पर भी व्यापक मंथन हुआ इसमें कई बार मतभिन्नता भी उभरी। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस की विचारधारा और अब तक की स्थितियों पर बात कही। सूत्र बताते हैं कि बैठक के दौरान संगठन में नियुक्तियों को लेकर पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने ऐतराज जताया, वहीं विधायक आरिफ मसूद ने कहा कि बीजेपी मुसलमानों को टारगेट करती है, हम चुप हो जाते हैं। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पार्टी नेताओं को अनुशासन रखने की हिदायतें दीं। उन्होंने कहा कि कोई संगठन बिना अनुशासन के तरक्की नहीं कर सकता। इस भावना से बाहर निकलना पड़ेगा कि मुझे टिकट नहीं मिलेगा तो मैं निर्दलीय लड़ जाऊंगा।

### हिंदू-मुस्लिम का माहौल बनाया

इससे पहले विधायक आरिफ मसूद ने कहा कि कहा कि भाजपा में हमसे लड़ने का दम नहीं है। वह हमारे लोगों को तोड़कर लड़ती है। विधानसभा घेराव के दिन हमें आगे बढ़ना चाहिए था। प्रदेश भर के कार्यकर्ता निराश हुए, उनसे माफी मांगनी चाहिए। मुस्लिम लीग को मुसलमानों ने खत्म किया। जब भाजपा के लोग मुसलमानों को टारगेट करते हैं, तो हमारे लोग चुप हो जाते हैं मसूद ने कहा कि जब भाजपा हिंदुत्व की बात करती है और हम बीजेपी के प्लेटफॉर्म पर खेलने लगते हैं, ऐसे में तो हमेशा हारेंगे। अपनी पिच पर खेलें-इस पर कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया ने कहा कि यह सत्य है कि अगर कांग्रेस बीजेपी की पिच पर खेलेगी, तो वह कभी नहीं जीतेगी। हमें अपनी पिच पर खेलना होगा। बाबा साहब अंबेडकर का विचार और संविधान हमारी पिच है और बीजेपी यहां हमसे मुकाबला नहीं कर सकती।

### जिलों में प्रभारी के ऊपर प्रभारी

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने कहा कि जिले में प्रभारी के ऊपर प्रभारी आ रहे हैं। एक की नियुक्ति के बाद दूसरे प्रभारी आ गए। सिंह ने एक जिलाध्यक्ष को खड़ा करके पूछा कि बताओ भैया प्रभारी पर प्रभारी आ रहे या नहीं? सिंह की बात पर पटवारी ने कहा जिले का प्रभारी तो एक ही रहेगा। आपको सिस्टम को ब्रेक करना है तो संविधान में बदलाव करना पड़ेगा। सिंह जवाब देते हुए कहा संविधान में बदलाव हो या न हो। लेकिन जिले में एक प्रभारी हो। ये न हो कि एक आया और फिर दूसरा प्रभारी आ गया और कहा गया कि वो काम नहीं कर पा रहा था।

# रातापानी को लटकाने पर सीएम का तंज चर्चा में

## रातापानी को रिजर्व बनने से रोके रखा, जबकि रोकने योग्य इसमें कुछ था ही नहीं

**भोपाल।** सीएम मोहन यादव ने रातापानी को रिजर्व बनाने के डेढ़ महीने बाद कल जब आईएफएस मीट में तंज किया तो इसकी चर्चा अब तक सियासी गलियारों में है। दरअसल उन्होंने कहा कि रातपानी को लोग 16 वर्षों तक रिजर्व बनने से रोकते रहे। जबकि इसे रोके रखने लायक कुछ था ही नहीं। कुछ लोगों ने इसे जबरन बड़ा रूप दिया। कागज के खिलौने को सांप बताने की कोशिश होती रही। यह जताने की कोशिशें की कि इसे रिजर्व बनाए जाएंगे तो नुकसान हो जाएगा। जबकि इसे पहले ही रिजर्व बना देते तो अब तक कई फायदें होते। उल्लेखनीय है कि मोहन सरकार ने हाल में रातापानी वन्यजीव अभयारण्य को रिजर्व घोषित कराया है। यह घोषणा करीब 16 वर्षों पहले हो जानी थी क्योंकि 2008 में एनटीसीए ने रातापानी को रिजर्व बनाने की सैद्धांतिक अनुमति दे दी थी।

**किंग कोबरा लाएंगे:** सीएम यादव ने कहा कि बाघ पहले से हमारे पास है। चीते भी मिल गए। हाथी की कमी थी जो खुद चलकर आ रहे है। अब किंग कोबरा की जरुरत है। इसे मप्र में लाना है जिसके प्रयास तेज किए जाएं। उल्लेखनीय है कि 2008 से प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री रहे। उनके कार्यकाल में रातापानी रिजर्व घोषित नहीं हुआ। बीच में कुछ समय के लिए कांग्रेस की कमलनाथ सरकार आई। वन मंत्री उमंग सिंघार ने नयी कोशिश की मगर सरकार गिर गई। 2023 में मोहन यादव मुख्यमंत्री बने और वन्यप्राणी बोर्ड की पहली ही बैठक में उन्होंने अककी फाइल पर तेजी से काम शुरू करने के निर्देश दिए थे।

# मान्यता नियमों में बदलाव के विरोध में निजी स्कूल संचालकों ने किया प्रदर्शन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

निजी स्कूलों के मान्यता नियमों में बदलाव और प्रक्रिया की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए निजी स्कूल संचालकों राजधानी में प्रदर्शन किया। इस दौरान निजी स्कूल संचालक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन देने पहुंचे, हालांकि मुख्यमंत्री से उनकी मुलाकात नहीं हो सकी। इसके पहहले निजी स्कूल संचालकों ने राज्य शिक्षा केंद्र कार्यालय परिसर पहुंकर नारेबाजी की और ज्ञापन सौंपा। निजी स्कूलों का कहना है कि मान्यता के नियमों को बहुत जटिल कर दिया है। इससे सबसे अधिक कठिनाई ग्रामीण जिलों में हो रही है। वहीं एफडी अमाउंट में बढ़ोतरी को भी वापस लेने की मांग की जाएगी। इन परिस्थितियों में शिक्षा विभाग ने राजस्व बढ़ाने के लिए मान्यता के नए नियमों को प्राइवेट स्कूलों पर थोप दिया हैं।

# युवा पीढ़ी को जीवन में हिंदी का राजदूत बनकर कार्य करना चाहिए: डॉ. तिवारी

## एमसीयू में विश्व हिंदी दिवस पर हुई प्रतियोगिता

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर भारतीय भाषा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्व हिंदी दिवस की इस वर्ष की थीम,हिंदी~एकता एवं सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज विषय पर केंद्रित निबंध प्रतियोगिता में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। विशिष्ट अतिथि के रुप में कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कुलसचिव एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अविनाश बाजपेयी ने हिंदी के लोक व्यापीकरण में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की भूमिका को रेखांकित किया। भारतीय भाषा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. राखी तिवारी ने 10 जनवरी, विश्व हिंदी दिवस एवं 14 सितंबर को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय हिंदी दिवस के इतिहास और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार विदेशों में भारतीय दूतावास इस दिन हिंदी के गौरव और उत्थान के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते हैं, उसी प्रकार भारत की आज की हिंदी प्रेमी, सुधी युवा पी?ी को अपने दैनंदिन जीवन में हिंदी का राजदूत बनकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यमों का प्रयोग करके, हिंदी भाषा के अधिकाधिक उपयोग और उसे जन-जन के र की भाषा बनाने का कार्य प्रतिबद्धता के साथ करना चाहिए।



क्योंकि यही उनकी असल पहचान है और भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा से जुड़ी है। डॉ. राखी तिवारी ने कहा कि हिंदी में उत्कृष्ट संवाद शैली के प्रचलन को बढ़ाने में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का अहम योगदान हो सकता है।




### आयुक्त के निर्देश पर आरटीओ ने चलाया जांच अभियान

# स्कूली बच्चों को ले जा रहे ओवरलोड ऑटो का काटा चालाना, ट्रैक्टर-ट्राली जप्त

**सिवनी मालवा नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

शुक्रवार को परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार आरटीओ निशा चौहान के नेतृत्व में सिवनी मालवा तहसील में आरटीओ जांच दल द्वारा सवारी ऑटो में ओवरलोड एवं असुरक्षित बैठे स्कूली बच्चों वाले वाहनों को रोका गया। जांच में पाया गया कि तीन पहिया सवारी ऑटो में खतरनाक तरीके से स्कूली बच्चों को ले जाया जा रहा था। जिन्हें रोक कर आरटीओ द्वारा सख्ती के साथ कार्यवाही करते हुए चालान किया गया। जांच में कुल 15 वाहनों को ओवरलोड एवं असुरक्षित परिवहन करते पाए जाने कुल राजस्व ?57,000 हजार वसूला गया तथा एक ओवरलोडिंग



रेत से भरे ट्रैक्टर को जप्त कर सिवनी मालवा थाने में सुरक्षार्थ रखा गया। आरटीओ अधिकारी एवं सिवनी मालवा नगर पालिका अध्यक्ष रिंकू जैन द्वारा सड़क मार्ग पर यातायात नियमों के पालन के साथ हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालकों को गुलाब के फूल देकर सम्मानित किया गया तथा उक्त चालकों को अन्य वाहन चालकों से भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा गया एवं अन्य वाहन चालकों को भी हेलमेट पहनना एवं यातायात नियमों के पालन के लिए हिदायत दी गई। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत लगातार परिवहन विभाग द्वारा जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, तथा लगातार नियम विरुद्ध चलने वाले वाहनों के प्रति सख्ती के साथ चलानी एवं जप्ति की कार्रवाई की जा रही है। आरटीओ निशा चौहान ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा लगातार यातायात नियमों की जानकारी विभिन्न गतिविधियों द्वारा लोगों तक पहुंचाई जा रही है, साथ ही नियम विरोध जैसे- ओवरलोड वाहन, तेज गति वाले वाहन, बिना हेलमेट वाले वाहनों, बिना दस्तावेज वाले वाहनों पर सख्ती के साथ कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, चालानी कार्रवाई से बचने के लिए वैध दस्तावेज एवं यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहनों को संचालित किया जाए।

## यातायात पुलिस ने एसपी डॉ. गुरकरन सिंह के मार्गदर्शन में निकाली जागरूकता रैली


**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

यातायात माह के अंतर्गत हेलमेट के उपयोग हेतु जागृति लाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा मोटर साइकिल रैली निकाली गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह सम्मिलित हुए।

रैली प्रातः 08.00 बजे पुलिस लाईन से रवाना होकर चक्कर रोड, बड़ तिराहा, कोठी बाजार, अस्पताल तिराहा, सराफा, सतरस्ता, मीनाक्षी चौक होते हुए वापस पुलिस लाईन आकर समाप्त हुई। जागरूकता रैली में पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के साथ डीएसपी यातायात संतोष मिश्रा, सूबेदार विनय अडलक, सूरज जमरा, ईशान रिछारिया, स्ढ्ढ दिनेश मिश्रा, स्ढ्ढ रूपेंद्र ऊईके, यातायात का बल महिला बल और जिला मुख्यालय का बल सम्मिलित हुआ। रैली के आगे और पीछे यातायात जागरूकता रथ चला। जिसके द्वारा यातायात नियमों, हेलमेट के प्रति जागरूक किया गया।



## प्रथम पचमढ़ी रॉक क्लाइम्बिंग चैलेंज का हुआ भव्य शुभारंभ



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने और एडवेंचर प्रेमियों के लिए नए अनुभव विकसित करने के उद्देश्य से प्रथम पचमढ़ी रॉक क्लाइम्बिंग चैलेंज 2025 का हुआ भव्य शुभारंभ । यह आयोजन मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड, जिला प्रशासन, जिप्सी एडवेंचर ओर मोस्टेच एस्केप्स संस्था के सहयोग से 10 से 19 जनवरी, 2025 तक जटाशंकर हिल, पचमढ़ी में किया जा रहा है। यह साहसिक आयोजन न केवल प्रतिभागियों के शारीरिक और मानसिक साहस की परीक्षा लेगी, बल्कि उन्हें सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी के सुंदर पहाड़ों पर चढ़ाई करने का भी अवसर मिलेगा। इस आयोजन से प्रतिभागी सतपुड़ा की मनमोहक रेंज का रोमांचक अनुभव कर सकेंगे। 32 प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं जिनमें ज्यादातर प्रतिभागी,पुणे , गुजरात , भोपाल, इंदौर, मुंबई एवं अन्य राज्यों से है। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड हमेशा पर्यटकों के लिए नई और आकर्षक गतिविधियां स्थापित करने के लिए जाना जाता है। इस पहल के तहत आयोजित यह कार्यक्रम अपने आप में पहला है। इस आयोजन में देशभर

**10 से 19 जनवरी 2025 तक होगा आयोजन**
**विजेता को 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार**

से रॉक क्लाइम्बिंग के शौकीनो ने भाग लिया है । आयोजन में इंडियन माउंट्रेनिंग फाउंडेशन ( आईएमएफ ) द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है। यह चैलेंज जटाशंकर रॉक फेस पर आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान एक प्रतियोगिता भी होगी, जिसमें विजेता को 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ में केंट सी ई ओ राहुल गजभिये ,ज्वाइन डायरेक्टर संतोष श्रीवास्तव, केंट बोर्ड पूर्व उपाध्यक्ष हुजैफा बोहरा जिला पर्यटन प्रबंधन मनोज सिंह ठाकुर, अवनीश, एम पी स्पोर्ट्स एंड क्लैमिंग असोसिएशन सेक्रेटरी मुकेश शर्मा , एम पी एस टी से दशमेश सिंह , अनिरुद्ध दूत एवं अन्य सभी उपस्थित रहे।

## एमजीएम में व्यक्तित्व विकास पर प्रशिक्षण

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

शासकीय महात्मा गांधी स्नातकोतर महाविद्यालय में 25 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के तहत... व्यक्तित्व विकास, संप्रेषण कौशल तथा कंप्यूटेशनल स्किल्स विषय पर प्रशिक्षण जारी है। उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के अंतर्गत संचालित स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्ग दर्शन योजना के तहत आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 जनवरी से प्रारंभ हुए 31 जनवरी को समापन होगा।

प्रशिक्षण के तृतीय दिवस में शुक्रवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राकेश मेहता के अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षण देने हेतु योग शिक्षक राकेश चौहान एवं उन्नति फाउंडेशन से कार्तिक आमंत्रित थे। योग शिक्षक राकेश चौहान ने विद्यार्थियों से व्यक्तित्व विकास में अपने आचार व्यवहार, जेस्चर पोस्चर, मोबाइल का सीमित एवं आवश्यकता अनुसार उपयोग आदि के भूमिका को विस्तार से बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ राकेश मेहता ने कहा कि व्यक्तित्व



विकास में नियमित विद्यार्थी निजी विद्यार्थियों से कहीं अनुकूल वातावरण में हैं।

नियमित विद्यार्थी को कैंपस का परिवेश, कक्षा, शिक्षक एवं विद्यार्थियों से संपर्क साधन, विभिन्न गतिविधिया, पुस्तकालय, खेल का मैदान आदि व्यक्तित्व विकास के लिए उपलब्ध रहता है जिसका उपयोग उन्हें अवश्य करना चाहिए। उन्होंने व्यक्तित्व विकास में भारतीय ज्ञान परंपरा के योगदान पर प्रकाश डाला तथा श्रुति और स्मृति में भेद को बताया। उन्नति फाउंडेशन से कार्तिक ने कहा कि संप्रेषण कौशल के द्वारा विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के साक्षात्कार में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्ग दर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डा पी के अग्रवाल ने प्रशिक्षण के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

## छात्र छात्राओं को दिखाया जंगल, वन्यजीवों की कराई पहचान वन और वन्य प्राणियों से संबंधित जानकारी दी

- तेन्दूखेडा वन परिक्षेत्र अंतर्गत अनुभूति कार्यक्रम में वन्य प्राणियों एवं पक्षियों से हुए रूबरू स्टूडेंट्स

**तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

शुक्रवार को तेन्दूखेडा वन विभाग द्वारा ईको पर्यटन विभाग बोर्ड के तत्वावधान मे मैं भी बाघ एवं हम है बदलाव भीम थीम अनुभूति 2025 का आयोजन छात्र छात्राओं को जंगल का भ्रमण कराया गया जहां जिले के वन विभाग के अंतर्गत आने वाले भैसा घाट में द्वितीय अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शासकीय उतर माध्यमिक स्कूल सैलबाड़ा तेन्दूखेड़ा के छात्र, छात्राओं, शिक्षकों के साथ मैं भी बाघ, हम हैं बदलाव थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। केप, , कपड़ो से बना थैला, पेन एवं अनुभूति पुस्तक का वितरण शिविर में उपस्थित 120 छात्र-छात्राओं को किया गया। प्राकृतिक पथ भ्रमण के दौरान वन्यप्राणियों की प्रजाति, वृक्ष प्रजाति की पहचान, पारिस्थितिकीय तंत्र, विभिन्न वन्यप्राणियों के पदचिन्हों इत्यादि महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। अनुभूति के मास्टर ट्रेनर



श्री बी एल रोहित से.नि.शिक्षक, श्री लईक शहजाद कार्यवाहक उपवनक्षेत्रपाल द्वारा विद्यार्थीयो को प्रकृति भ्रमण में दूरबीन के माध्यम से घाट के किनारे पाये जाने वाली पक्षियों ( कैटल इगरेट, बी-ईटर, रेड बेंटेड बुलबुल, बाज ) एवं ( कॉमन टाईगर, ग्रास एलो, डैनेड एगफ्लाई ) की प्रजाति की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थीयो को चाय, नाश्ता, भोजन नो प्लास्टिक यूज को ध्यान में रखते हुए दोना पत्तल इत्यादि में करवाया गया। सभी को आंवला कैंडी वितरीत की गई। अनुभूति किट में प्राप्त सामग्रियों से विभिन्न प्रकार के रोचक खेल जैसे जंगल की पुकार, हमारी वन संपदा एवं पक्षियों के प्रवास जैसी अन्य गतिविधियां भी कराई गई। बच्चों द्वारा कपड़े से बने थैले के साथ रैम्पवॉक किया गया। प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन कर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- तन्मय साहू, द्वितीय स्थान- तपस्याा दीक्षित एवं तृतीय स्थान- हरिओम साहू द्वारा प्राप्त करने पर सम्मानित किए गए। पर्यावरण जागरूकता के प्रति शपथ दिलाई गई एवं सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में तेन्दूखेड़ा उप वन मंडलाधिकारी प्रतीक कुमार दुबे, वन परिक्षेत्र अधिकारी मेघा पटैल, जनपद तेन्दूाखेडा सदस्य मलखान यादव, सरपंच सैलवाडानीतू साहू, वन समिति अध्यक्ष सैलवाडा कोमल रैकवार मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

जनपद सभागार में गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर एसडीएम सौरभ गंधर्व की मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई। गत वर्षो की तरह इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर एसडीएम ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देष दिए। इस दौरान कुछ विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उपस्थित न रहने पर एसडीएम सौरभ गंधर्व ने कहा कि आगे से जो अधिकारी मुख्यालय



छोड़कर जाएं तो पहले मुझे सूचित करें। इसके अलावा गणतंत्र दिवस पर सभी स्कूल सुबह प्रभात फेरी निकालेगें साथ ही मुख्य समारोह एक्सीलेंस स्कूल में सुबह 9 बजे जनपद अध्यक्ष के द्वारा ध्वाजारोहण किया जाएंगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम देश भावना से ओत प्रोत होना चाहिए इसके अलावा मिष्ठान वितरण क्वालटी की जबावदेही बीईओ की रहेगी। पुरूस्कार वितरण जनपद पंचायत के द्वारा किया जाएंगा। एसडीएम सौरभ गंधर्व ने कहा कि सप्ताह में एक दिन मेरा वार्ड मेरा अभियान चलाया जाएंगा जिसमें सभी कर्मचारी, अधिकारी, सफाई मित्र वार्ड में साफ सफाई करेंगे। इसके अलावा भूमिदान करने वालों एवं समाजसेवियों का मंच से सम्मान किया जाएंगा। बैठक में तहसीलदार विवेक व्यास, जनपद सीईओ मनीष बागरी, जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेष जैन, जनपद उपाध्यक्ष पूरन सिंह परस्ते, सासंद प्रतिनिधी मूरत सिंह लोधी, मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल, डां परम सिंह लोधीआदि मौजूद रहे।

## किसानों को ठंड से बचाने मंडी प्रशासन ने जलाएअलाव

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

कृषि उपज मंडी में कृषक भाइयों को ठंड से बचने के लिए मंडी प्रांगण और शैडो पर मंडी प्रशासन द्वारा आलाव जलाकर सुविधा दी जा रही हैं। शहर में इन दिनों कड़ाके की ठंड के हालात बने हुये हैं। जिससे आम जन जीवन प्रभावित हो रहा है। कृषि उपज मंडी में प्रतिदिन अनाज बेचने आ रहे किसानों के लिए मंडी प्रशासन के द्वारा मंडी परिसर में अलाव जलवाए गए हैं। ताकि ग्रामीण अंचलों से आने वाले किसानों के लिए कडाके की ठंड में बचने के लिए आग का सहारा मिल सके। इसके लिए भार साधक अधिकारी टी प्रतीक राव, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, कृषि उपज मंडी सचिव के सी बामलिया और रात्रि सुरक्षा प्रभारी ए एस आई गौतम सिंह रघुवंशी द्वारा मंडी परिसर के विभिन्न टीन शेड के पास अलाव की व्यवस्था कराई गई है। जिससे किसानों को ठंड से कुछ हद तक राहत मिल सके।



**मेट्रो एंकर** | अखिल भारतीय महात्मा गांधी स्मृति हॉकी प्रतियोगिता

# राउरकेला, जलंधर, मुंबई और एनसीआर के बीच सेमीफाइनल आज



**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

अखिल भारतीय महात्मा गांधी स्मृति हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले शनिवार को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया राउरकेला, आर्मी ग्रीन जालंधर, रिपब्लिकन मुंबई और उत्तर-मध्य रेलवे प्रयागराज के मध्य खेले जाएंगे। शुक्रवार को हुए तीन क्वार्टर फाइनल मैच में आर्मी ग्रीन जालंधर, रिपब्लिकन मुंबई और सेल राउरकेला ने जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है।


अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आईएएस टी प्रतीक राव, मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, टीआई गौरव बुंदेला, जीआरपी थाना प्रभारी रामस्नेह चौहान ने बतौर अतिथि खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। डीएचए के अध्यक्ष प्रशांत जैन, सचिव कन्हैया गुरयानी, कार्यकारी अध्यक्ष शिरीष कोठारी, आयोजन समिति के अध्यक्ष राहुल चौरे ने अतिथियों से खिलाड़ियों का परिचय कराया।

शुक्रवार के पहले और प्रतियोगिता के दूसरे क्वार्टर फाइनल में केनरा बैंक बैंगलुरु और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया राउरकेला के मध्य मुकाबला हुआ। यह मैच सेल राउरकेला ने 2-1 गोल से जीता। दूसरे मैच में मेजर ध्यानचंद अकादमी कुरुक्षेत्र हरियाणा और आर्मी ग्रीन जालंधर में मुकाबला हुआ। एक वक्त तक दोनों टीमें बेहद कड़ा मुकाबला दे रहीं थीं। आर्मी ग्रीन ने एक गोल से बढ़त बनायी और मध्यांतर तक इसे कायम रखा। तीसरे क्वार्टर में आर्मी ने दूसरा गोल किया तो कुरुक्षेत्र के लड़कों के हौंसले पस्त हो गये। आर्मी के तीसरे गोल ने मैच का भाग्य लिख दिया। एक वक्त स्कोर 4-0 हो गया था। साई के लड़कों ने उर्जा बटोरते हुए अपना पहला गोल किया। लेकिन वे 5-1 से अपनी हार को नहीं टाल सके।

दर्शकों को तीसरे मैच का बेसब्री से इंतजार था। दर्शक दो ग्रुप में बंट गये थे। इटारसी और मुंबई के मैच में दर्शनीय हॉकी देखी गई। अंजुमन स्कूल तरफ की गैलरी में दर्शक मुंबई को सपोर्ट कर रहे थे तो फ्रेन्ड्स स्कूल तरफ की गैलरी में इटारसी को। मैच के दौरान मैदान में लगातार शोर चल रहा था। मुकाबला बेहद कठिन था। दोनों टीमों ने एकदूसरे के खिलाफ लगातार हमले किये। पहली सफलता मुंबई को मिली। इटारसी ने बराबरी को गोल किया। लेकिन, मुंबई ने एक और गोल करके स्कोर 2-1 कर लिया।

## तेंदूखेड़ा प्रीमियर लीग में सिद्धार्थ ज्वेलर्स एवं शान्या सुपर किंग्स ने जीता मैच

**तेंदूखेड़ा।** राज्यमंत्री धमेंद्र सिंह लोधी के तत्वाधान में तेन्दूखेड़ा प्रीमियर लीग-2025 (टीपीएल) क्रिकेट नाईट टूर्नामेंट के पांचवे दिन हाईस्कूल मैदान में पहला ओम वारियर्स क्रिकेट क्लब एवं सिद्धार्थ ज्वेलर्स के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए ओम वारियर्स की टीम ने 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 78 रन बनाएं। जबाव में उतरी सिद्धार्थ ज्वेलर्स की टीम ने 9.3 ओवर में 8 विकेट गंवाकर जीत हासिल की। नीतेष बेन ने 6 गेदों पर 21 रन बनाएं साथ ही 2 ओवर में 3 विकेट लेकर मैन आफ द मैच अपने नाम किया जिन्हें पुरूस्कार एवं नगद राषि मैच के राज्यमंत्री धमेंद्र सिंह के भाई सतेंद्र सिंह एवं सांसद प्रतिनिधी मूरत सिंह लोधी के द्वारा प्रदान की गई। इसके अलावा दूसरा मैच राजा सुपर किंग्स एवं शान्या सुपर किंग्स के बीच खेला गया। जिसमें राजा सुपर किंग्स क्रिकेट क्लब ने 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 86 रन बनाएं तो लक्ष्य का पीछा करने उतरी शान्या सुपर किंग्स की टीम 9 ओवर में 3 विकेट खोकर जीत हासिल की। आकाष जैन 2 ओवर में 3 विकेट लेकर मैन आफ द मैच का खिताब जीता। अंपायर स्वेदष नेमा, बबलू घोषी रहे। स्कोरर अभिनंदन दुबे, सुदीप त्रिपाठी, अभिषेक मोदी एवं आषीष यादव रहे एवं मैच का आंखो देखा हाल चेतन जैन, रवि ठाकुर , जितेंद्र भदौरिया के द्वारा सुनाया गया। सत्यम जैन, राजीव जैन, सतेंद्र जैन, राहुल ठाकुर, हर्ष राजपूत, निखिल सिंह, श्रेयांस जैन, जीत यादव, सारांष यादव, उमेष यादव, सौरभ सिंह, लक्ष्मण यादव, अंषुल केवट, रवि दीवान जिनके द्वारा टूर्नामेंट की व्यवस्थाएं की जा रही हैं।



## विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयास हो रहे फलीभूत

# सिरोंज लटेरी विधानसभा को मिली एक साथ 16 उपस्वास्थ्य केंद्रों की सौगात

**ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों तथा प्रसूताओं को गांव में ही मिलेगी उपचार की सुविधा**





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विधायक उमाकांत शर्मा के अथक प्रयासों से सिरोंज लटेरी विधानसभा के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में ग्रामीण क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य की दृष्टि से सोलह उपस्वास्थ्य केंद्र तैयार होने की राह आसान हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में बनने वाले इन 16 उपस्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मध्य प्रदेश शासन से हो गई है। प्रत्येक स्वास्थय केंद्र 55 लाख की लागत से बनकर तैयार होगा। जिनमें से दस उपस्वास्थ्य केंद्र लटेरी विकासखंड में तथा छह उपस्वास्थ्य केंद्र सिरोंज विकासखंड के ग्रामीण इलाकों में बनेंगे। इनके तैयार होने के लिए डेढ़ वर्ष की समय सीमा तैयार की गई है। उल्लेखनीय है कि सिरोंज-लटेरी क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा ने अपने विगत कार्यकाल में संपूर्ण विधानसभा के ग्रामीण इलाकों को स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहतर बनाने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह एवं चिकित्सा मंत्री को प्रस्ताव सौंपे थे इसके उपरांत शासन स्तर पर गतिशील इन प्रस्तावों की स्वीकृति के लिए विधायक शर्मा लगातार प्रयासरत बने हुए थे। ऐसे में एक साथ सोलह उप स्वास्थ्य केंद्रों की स्वीकृत होना क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। करीब पचपन लाख की लागत से तैयार होने वाले प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र भवन के साथ इसी बिल्डिंग की दूसरी मंजिल पर यहां पदस्थ होने वाले स्टाफ के लिए क्वाटर्स बनाया जाएगा। इन स्वास्थ्य केंद्रों में एक कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर सहित एक एएनएम नर्स की पदस्थापना की जाएगी। इन स्वास्थ्य केंद्रों के बन जाने से ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को सामान्य बीमारियों के उपचार के साथ शुगर,बीपी की जांचे तथा गर्भवती महिलाओं की डिलेवरी संभव हो सकेगी तथा सामान्य बीमारी के मरीजों को सिरोंज लटेरी के सरकारी अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा।

सिरोंज-लटेरी विधानसभा में विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयासों से जनकल्याण हेतु स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल होने पर भाजपा संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री राजेंद्र शुक्ल सहित भाजपा सरकार एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में लटेरी मंडल अध्यक्ष रामगुलाम राजौरिया,आनंदपुर मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा,देवपुर मंडल अध्यक्ष झार सिंह,चितावर मंडल अध्यक्ष चरण सिंह राजपूत, सिरोंज मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाह,सिरोंज जनपद अध्यक्ष पुष्पा हमीर सिंह यादव,लटेरी जनपद अध्यक्ष सीमा सहरिया,वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह बघेल,कैलाश शर्मा,हरीबाबू भार्गव,महेंद्र सिंह दांगी, राजकवर बघेल,महेंद्र राजपूत आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं।

### ग्रामीण क्षेत्र के सोलह गांव होंगे लाभांवित

विधायक शर्मा के प्रयासों से जिन सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्रों की स्वीकृति मिली हे उनमें लटेरी क्षेत्र के शामिल दस केंद्रों में ग्राम अमृत फार्म, बैरागढ़, बीजूखेड़ी, अलीगंज, मुरारिया, मुरवास, ओखलीखेड़ा, शहरखेड़ा, सेमरीअहीर, सुनखेर शामिल हैं। इसके अलावा सिरोंज विकासखंड में शामिल छह उपस्वास्थ्य केंद्रों में अमीरगढ़, देवी टोरी, इमलानी, महू, समदपुर तथा संतोषपुर ग्राम शामिल हैं।

# त्यौहार के मद्देनजर खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच व निरीक्षण कर सैंपल लिए



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में आगामी त्यौहार मकर संक्रांति को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच, निरीक्षण व सैंपल लेने की कार्यवाहियां की जा रही हैं।

इसी कड़ी के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती एडलिन ई पन्ना ने नटेरन तहसील के ग्राम सकरई में किराना दुकान का निरीक्षण कर मूंगफली दाने, नमकीन, मिर्च पाउडर के नमूने एकत्रित किए हैं। हेड एंड सेक क्रीम कुकीज, क्रीम फ्लेवर सैंडविच, पॉपिंस आदि के नमूने एकत्रित किए गए तथा दुर्गा नगर स्थित राधे गजक , मिनी मार्ट माधवगंज, आदि दुकानों का भी औचक निरीक्षण किया गया। राधे गजक से खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा तिल गजक, मद्रासी गजक , लड्डू आदि के नमूने जांच हेतु एकत्रित किए गए। उक्त नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जाने की कार्यवाही की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती एडलिन ई पन्ना ने बताया कि सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि बिना खाद्य पंजीयन लाइसेंस के व्यापार ना करें। बिना खाद्य पंजीयन, लाइसेंस के खाद्य कारोबार करते पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

# केंद्रीय विघालय खोलने केंद्रीय मंत्री के नाम ज्ञापन,छेड़ी मुहिम

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

एमपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन तेंदूखेड़ा के स्थानीय पत्रकारों के द्वारा धर्मेन्द्र प्रधान केंद्रीय शिक्षा मंत्री के नाम एसडीएम सौरभ गंधर्व को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें उल्लेख हैं कि तेंदूखेड़ा में वर्ष 2020 में केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत होने के बाद आज तक विद्यालय नहीं खोला गया हैं। नगर तेंदूखेड़ा जिला दमोह मध्यप्रदेष में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की वर्ष 2020 में प्रक्रिया प्रारंभ हो गई थी जिसके लिए जमीन का चयन भी हो गया था। साथ ही एक्सीलेंस स्कूल में 2021 आगामी सत्र से क्लासे लगाने के लिए एक्सीलेंस स्कूल का निरीक्षण भी किया गया था एवं मीडिया ने दिनॉक 1 फरवरी 2021 को केंद्रीय विद्यालय की भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू शीर्षक से खबर प्रकाशित की गई थी। जो संलग्न है। साथ ही तत्कालिक विधायक एवं वर्तमान में राज्यमंत्री धमेन्द्र सिंह लोधी ने भी कहा था कि केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की प्रक्रिया चालू हो गई है। लेकिन लगभग चार सालो में केंद्रीय विद्यालय नहीं खुला है। जिस कारण अब क्षेत्र की जनता में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है।

नगर में केंद्रीय विघालय खोले जाने की मांग जनता कर रही है। इस संबंध में जनवरी 2021 में विधायक धमेन्द्र सिंह एवं जनप्रतिनिधी लम्बे समय से नगर में केंद्रीय विद्यालय की मांग कर रहे थे साथ ही शासन को अनेक पत्राचार भी किए गए है। इसके अलावा विधायक ने भी पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटैल को पत्र देकर विधान सभा में केंद्रीय विद्यालय की मांग की थी। केंद्रीय पर्यटन संस्कृति मंत्री प्रहलाद पटेल के द्वारा केंद्र सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक को पत्र लिखकर जबेरा विधानसभा में केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए पत्र लिखा गया था



# एसडीएम बाइक पर सवार होकर गलियों की साफ-सफाई व्यवस्था देखने पहुंचे

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज। नगर पालिका परिषद की सफाई व्यवस्था लंबे समय से लचर पड़ी व्यवस्था में बदलाव लाने को लिए विधायक उमाकांत शर्मा ने नगर वीडियो हित में विशेष प्रयास करने के लिए एसडीएम को निर्देश दिए हैं। इसके बाद पर नगर को साफ स्वच्छ बनाने के लिए एसडीएम हर्षल चौधरी ने नावचर करते हुए नगर की छोटी-छोटी गलियों में स्वयं पहुंच रहे हैं। इसके लिए इन्होंने मोटरसाइकिल का उपयोग किया ।शुक्रवार को एसडीम वार्ड क्रमांक तीन के गली मोहल्ले को देखने के लिए अचानक पहुंचे और कहा कि सफाई व्यवस्था में बदलाव करने के लिए सभी को धरातल पर मिलकर काम करना होगा मैं भी लगातार शहर का इसी तरह भ्रमण करूंगा जहां भी लापरवाही मिलेगी वहां पर संबंधित दरोगा जिम्मेदार होगा इसके अलावा उन्होंने सड़कों पर मटेरियल डालने वालों को भी नोटिस दिलवाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं । दो दिनों से सफाई व्यवस्था में परिवर्तन भी देखने को मिल रहा है। इस दौरान नगरपालिका सीएमओ रामप्रकाश साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना भी मौजूद थे।



# धान स्लॉट बुक करने की अवधि अब 15 तक बढ़ाई

**सिरोंज।** विदिशा शासन द्वारा किसानो की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए धान उपार्जन विक्रय हेतु स्लॉट बुक करने की अवधि को अब 15 जनवरी तक बढाया गया है पूर्व में स्लॉट बुक दस जनवरी तक की जा सकती थी जो बढाकर अब 15 जनवरी की गई है। ई उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसान जो धान विक्रय हेतु अब तक स्लॉट बुक नहीं कर पाए है वे शासन के द्वारा बढाई गई अवधि का लाभ प्राप्त कर 15 जनवरी तक स्लॉट बुक करा सकते है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रश्मि साहू ने बताया कि जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य दो उपार्जन केन्द्रो पर जारी है। जिले में अब तक 164 किसानो ने 1049.64 मेट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर विक्रय की गई है। धान विक्रय करने वाले कुल 164 किसानो में से 127 किसानो को 241 करोड का भुगतान जेआईटी के माध्यम से किसानो को उनके बैंक खाते में किया गया है।

# आईएफएमआईएस के अंतर्गत एम्पलॉई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन एवं आधार से लिंक कराएं शासकीय सेवक

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा आईएफएमआईएस अंतर्गत एम्पलॉई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन एवं आधार से लिंक किये जाने के संबंध में मध्य प्रदेश शासन वित्त विभाग के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी ने दिशा निर्देश जारी किए हैं। उनके द्वारा जारी पत्र में उल्लेख है कि वित्त विभाग द्वारा संधारित एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएफएमआईएस) के अंतर्गत उपलब्ध शासकीय सेवकों की जानकारी का सत्यापन समग्र आईडी से किया जाना है एवं वेतन भुगतान आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) के माध्यम से किया जाना है। समस्त शासकीय सेवकों का दायित्व होगा कि वह आईएफएमआईएस के अंतर्गत एम्पलाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी की प्रविष्टि कर जानकारी सत्यापित करें।

आईएफएमआईएस में समग्र आईडी की प्रविष्टि एवं सत्यापन से पूर्व समस्त शासकीय सेवकों द्वारा उनकी समग्र आईडी का पंजीयन, अद्यतन एवं आधार से लिंक समग्र पोर्टल के माध्यम से कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिस बैंक खाते में वेतन प्राप्त हो रहा है, उस बैंक खाते को आधार से भी आवश्यक रूप से लिंक कराया जाए।

शासन के समस्त विभाग अपने अधीनस्थ बजट नियंत्रण अधिकारी, आहरण संवितर अधिकारियों को निर्देशित करेंगे कि 28 फरवरी 2025 तक समस्त शासकीय सेवकों की समग्र आईडी की प्रविष्टि आईएफएमआईएस अंतर्गत एम्पलाई प्रोफाइल में हो जाए। आईएफएमआईएस अंतर्गत बजट नियंत्रण अधिकारी, आहरण संवितरण अधिकारियों की लॉगिन पर मॉनिटरिंग हेतु रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाएगी।

प्रथम चरण में नियमित शासकीय सेवकों के लिये समग्र आईडी के प्रविष्टि की कार्यवाही की जाना है, द्वितीय चरण में मानदेय, संविदा, दैनिक वेतनभोगी शासकीय सेवकों को भी उपर्युक्त कार्य करना होगा। समग्र पोर्टल से संबंधित सहयोग, सहायता हेतु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी किया गया संदर्भित पत्र संलग्न है। समग्र आईडी बनवाने, अद्यतन करवाने, सुधार करवाने संबंधी जानकारी यूजर मैनुअल समग्र पोर्टल ीजजचेरूध्ध्ेंउहतं.हवअ.पदध् से प्राप्त की जा सकती है।

# मुख्यमंत्री कोविड-19 योद्धा कल्याण योजना में 50 लाख का स्वीकृति पत्र प्रदाय किया

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा मुख्यमंत्री कोविड-19 योद्धा कल्याण योजना अंतर्गत कोरोना संक्रमण से मृतक विदिशा नगर पालिका परिषद के स्थाई कर्मी देशराज विश्वकर्मा की पत्नी को 50 लाख रुपए की राशि का स्वीकृति पत्र आज उनके निवास स्थल इंद्रप्रस्थ कॉलोनी पहुंचकर विदिशा विधायक मुकेश टंडन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शर्मा ने प्रदान किया है। इस अवसर पर एसडीएम क्षितिज शर्मा, नगर पालिका सीएमओ दुर्गेश सिंह, पार्षदगण व राकेश शर्मा भी मौजूद रहे। गौरतलब हो कि कोविड-19 की रोकथाम के दौरान 5 अप्रैल 2021 को नगर पालिका परिषद के स्थाई कर्मी देशराज विश्वकर्मा की कोरोना संक्रमण के चलते मृत्यु हो गई थी। जिला स्तरीय समिति द्वारा बैठक में प्राप्त दावों के परीक्षण उपरांत कोरोना संक्रमण से मृतक स्वर्गीय देशराज विश्वकर्मा की मृत्यु उपरांत मृतक की पत्नि श्रीमती ममता विश्वकर्मा को मुख्यमंत्री कोविड-19 योद्धा कल्याण योजना के अंतर्गत 50 लाख रुपए की राशि का स्वीकृति पत्र उन्हेंघर पहुंचकर प्रदाय किया गया है।



**मेट्रो एंकर** जनकल्याण शिविर में शामिल हुए विधायक हरिसिंह सप्रे, बताई सरकार की उपलब्धियां, कहा-

# एक समय था जब लोग सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाते थे, आज अधिकारी पहुंच रहे घर-घर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

भाजपा की मोहन सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर गांव गांव जन कल्याण पर्व के रूप में मना रही है। जिसमें क्षेत्र के जन प्रतिनिधि अपनी सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुचाने का कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में शासन द्वारा शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम पंचायत महादेव खेड़ी, कूजा आदि में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह सप्रे अन्य जनप्रतिनिधि सहित भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ इन कार्यक्रम में शामिल हुए। वही कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम महापुरुषों के चित्र पर माल्या अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक हरिसिंह सप्रे ने सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में हमारी सरकार ने विकास, विरासत, सुशासन और जनकल्याण पर विशेष काम कर रही है। इस दौरान उन्होंने कहा की जन्म से लेकर मृत्यु तक हमारी सरकार योजनाएं चला रही है। एक समय था जब कांग्रेस की सरकार की योजनाएं जमीन तक ही नहीं पहुंचती थी आज भाजपा सरकार की प्रत्येक योजनाएं धरातल तक पहुंच रही है और प्रत्येक पात्र हितग्राही को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सागर में संत रविदास जी का 100 करोड़ का विशाल मंदिर हमारी सरकार बनवा रही है, जबकि कांग्रेश ने तो सिर्फ धर्म और जाति के नाम पर राजनीति की है। लेकिन हमारी सरकार काम कर रही और उनी कार्यों को लेकर हम जनता के बीच में जा रहे हैं। हमने जनता के सामने जो संकल्प पत्र प्रस्तुत किया था। उसमें हम खरे उतर रहे हैं। उन्होंने कहा जैसे शिक्षा, चिकित्सा, प्रधानमंत्री आवास, रोजगार, लोक निर्माण, उद्योग, जल जीवन मिशन, जन भागीदारी, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभ मिल रहा है। एक समय था जब लोग सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाते रहते थे, आज हमारी सरकार में सरकारी दफ्तर लोगों के घर पहुंच रहे हैं। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भगत सिंह रघुवंशी, पथरिया मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह रघुवंशी, शिवराज सिंह रघुवंशी, सरपंच प्रतिनिधि लेखराज सिंह पाल, मोहित रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।






# विमेंस वनडे- भारत ने आयरलैंड को 6 विकेट से हराया, प्रतिका और तेजल की फिफ्टी; मंधाना के वनडे में चार हजार रन पूरे



**राजकोट.एजेंसी**

भारतीय विमेंस ने राजकोट में हो रहे 3 मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में आयरलैंड को 6 विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी कर रही आयरिश टीम ने 238/7 का स्कोर बनाया। कप्तान गैबी लुइस ने सबसे ज्यादा 92 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 34.2 ओवर में 241 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया। प्रतिका रावल ने करियर की दूसरी हाफ सेंचुरी लगाई। तेजल हसनबीस ने नाबाद 53 रन बनाए। आयरलैंड से ऐमी मागुइरे ने 3 विकेट लिए।

मंधाना ने सबसे तेज 4 हजार रन पूरे किए स्मृति मंधाना विमेंस वनडे में सबसे तेज 4000 रन बनाने वाली भारतीय महिला बन गईं। वह अब वनडे में इस मुकाम पर पहुंचने वाली दुनिया की 15वीं और मिताली राज के बाद दूसरी भारतीय हैं।

मंधाना ने भारतीय पारी के नौवें ओवर में अर्लीन केली की गेंद पर सिंगल लेकर 4 हजार रन पूरे किए। हरमनप्रीत की गैरमौजूदगी में भारत के लिए कप्तानी कर रही स्मृति मंधाना ने ओपनर प्रतिका रावल के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। स्मृति ने 29 बॉल पर 141.37 के स्ट्राइक रेट, 6 चौके और 1 छक्के के साथ 41 रन की पारी खेली। फ्रेया सार्जेंट ने उन्हें कैच आउट का कराया। हरलीन देयोल ने 20 और जेमिमा रोड्रिग्स ने 9 रन की पारी खेली। इन दोनों बल्लेबाजों को ऐमी मागुइरे ने आउट किया।

## प्रतिका की दूसरी और तेजल की पहली हाफ सेंचुरी

तेजल हसनबीस और प्रतिका रावल ने चौथे विकेट के लिए सेंचुरी पार्टनरशिप की। दोनों ने 84 बॉल पर 116 रन जोड़े। शानदार बल्लेबाजी करते हुए प्रतिका रावल ने अपने करियर की दूसरी हाफ सेंचुरी लगाई। उन्होंने 96 बॉल पर 10 चौके और 1 सिक्स की मदद से 89 रन की पारी खेली। प्रतिका को ऐमी मागुइरे ने ओर्ला प्रेंडरगैस्ट के हाथों कैच कराया। मिडिल-ऑर्डर बल्लेबाज तेजल हसनबीस ने वनडे करियर में अपनी पहली फिफ्टी जमाई। उन्होंने 46 बॉल पर 53 रन बनाकर भारत को 15 ओवर बचे रहते ही जीत दिला दी। तेजल ने पारी में 9 चौके लगाए।

## कप्तान ने 92 रन बनाए

आयरलैंड महिला टीम की कप्तान गैबी लुइस ने शानदार बल्लेबाजी की। 15 चौकों की मदद से लुइस ने 92 रन बनाए। उन्होंने 129 बॉल का सामना किया। लुइस ने लिआ पॉल के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 150 बॉल पर 117 रन जोड़े। लिआ पॉल ने 73 बॉल पर 59 रन बनाए। उन्होंने पारी में 7 चौके लगाए। पॉल को हरलीन देयोल ने रन आउट किया। गैबी लुइस को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। भारत की तरफ से लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा ने 2 विकेट लिए। दीप्ति शर्मा, तितास साधु और सयाली सतघरे को 1-1 विकेट मिला।



# एशिया कप : हांगकांग में खेल अकादमी के अक्षत बरोई और हिमांशु टंडन ने जीता स्वर्ण पदक

**भोपाल. दोपहर मेट्रो**

13 जनवरी तक एशिया कप केनो स्प्रिंट 2025 चैम्पियनशिप का आयोजन हांगकांग में किया जा रहा है। हांगकांग में आयोजित इस प्रतियोगिता में खेल अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रदर्शन करते हुये के-2 स्पर्धा में 01 स्वर्ण पदक अर्जित कर देश और प्रदेश को गौरवान्वित किया। हांगकांग में आयाजित इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर की चैम्पियनशिप में खेल अकादमी के खिलाड़ियों अक्षत बरोई और हिमांशु टंडन की टीम ने के-2 1000 मी. टीम स्पर्धा में बेहतर खेल प्रदर्शन कर 04:39.7 सेकेण्ड का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हांगकांग चायना केनो यूनियन के खिलाड़ी ने 05:.24.84 सेकेण्ड समय लेकर रजत पदक अर्जित किया। प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खेल अकादमी के पदक विजेता खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुये बधाई दी है।

# 6 फरवरी से शुरू होने वाली 3 मैचों की वनडे सीरीज में रोहित करेंगे कप्तानी!

## दबाव: इंग्लैंड के खिलाफ फॉर्म हासिल करने की कोशिश करेंगे रोहित शर्मा

**नईदिल्ली, एजेंसी**


टेस्ट क्रिकेट में खराब दौर से गुजरने वाले कप्तान रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ 6 फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा था कि रोहित को इस सीरीज से आराम दिया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे के बाद रोहित चाहते हैं कि वह 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लय हासिल कर लें। इसके लिए इंग्लैंड सीरीज एक बड़ा मौका है, जिससे वह अपनी फॉर्म में वापसी कर सकते हैं। साल 2024 में रोहित ने सिर्फ तीन वनडे मैच खेले थे और दो अर्धशतक के साथ 157 रन कुल बनाए थे। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा जल्द की जाएगी।

**चैंपियंस ट्रॉफी तय करेगा भविष्य:** रोहित शर्मा के लिए चैंपियंस ट्रॉफी बेहद महत्वपूर्ण है। इस टूर्नामेंट में किया गया उनका प्रदर्शन बल्लेबाजी और कप्तानी में उनका भविष्य तय करेगा। ऐसे में रोहित इंग्लैंड के खिलाफ कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। गौरतलब है कि वनडे में रोहित का प्रदर्शन टी-20 व टेस्ट के मुकाबले अच्छा है।




***आगामी चुनौती: तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए जल्द की जाएगी भारतीय टीम की घोषणा***

**मोहम्मद शमी की लंबे अरसे बाद टीम में वापसी संभव:** इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की भारतीय टीम में लंबे अरसे बाद वापसी हो सकती है। माना जा रहा है की यदि शमी की फिटनेस अच्छी रही तो उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी टीम इंडिया में जगह मिल सकती है। चोटिल होने के कारण शमी 2023 वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेले हैं। हालांकि उन्होंने कुछ महीने पहले घरेलू क्रिकेट में खेलना शुरू कर दिया है। वह हाल ही में विजय हजारे वनडे टूर्नामेंट में बंगाल के लिए खेले। इस दौरान उनकी फिटनेस और गेंदबाजी काफी अच्छी दिखी। शमी की फिटनेस पर टीम इंडिया की मेडिकल टीम भी लगातार निगाहें रख रही है। शमी की वापसी इसलिए जरूरी है क्योंकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी चोटिल हैं।




**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# जब फातिमा ने बनाया अभिनय छोड़ने का मन, फिर बदली किस्मत, मिली 'दंगल'

फातिमा सना शेख आज इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री बन चुकी हैं। क्या आपको पता है कि अभिनेत्री ने बाल कलाकार के तौर पर अपने करियर की शुरुआत की थी। वहीं, मुख्य अभिनेत्री के तौर पर भी अपने अभिनय का दम दिखा कर बॉलीवुड की दंगल गर्ल बन गईं। आज अभिनेत्री अपना 33वां जन्मदिन मना रही हैं। फातिमा सना शेख का जन्म 11 जनवरी, 1992 में मुंबई में हुआ। उनका जन्म कश्मीरी हिंदू पिता विपन शर्मा और कश्मीरी मुस्लिम मां राज तबस्सुम के घर हुआ था। उन्होंने 1997 में सुपरस्टार कमल हासन अभिनीत चाची 420 नामक फिल्म से एक बाल कलाकार के रूप में अपना फिल्मी करियर शुरू किया था। उन्होंने अभिनय से ब्रेक लिया और शोबिज में लौट आईं और आकाश वाणी, बिट्टू बॉस और तहान जैसी फिल्मों में छोटी और सहायक भूमिकाएं कीं। वैसे तो 1997 से ही फातिमा ने कई फिल्मों में भूमिकाएं निभाई हैं, लेकिन 2016 में आमिर खान के साथ दंगल में गीता फोगाट की भूमिका निभाने के बाद उन्हें लोकप्रियता मिली। मुंबई की रहने वाली अभिनेत्री फातिमा सना शेख एक डांसर और फोटोग्राफर भी हैं। चाची 420 में बेबी गर्ल भारती की भूमिका निभाने के बाद फातिमा ने 2011 में बेस्ट ऑफ लक निक्की शो में भी एक एपिसोडिक भूमिका निभाई है। सिर्फ फिल्मों में ही नहीं, फातिमा ने टेलीविजन इंडस्ट्री में भी हाथ आजमाया है। उन्होंने अगले जनम मोहे बिटिया ही कीजो समेत कई मशहूर टीवी धारावाहिकों में काम किया है। दंगल से बड़ा ब्रेक पाने से पहले फातिमा सना शेख ने वयस्क होने पर कई फिल्मों में अपनी किस्मत आजमाई। उन्होंने संतोष सिवन की तहान (2008), लुन रंजन की आकाशवाणी (2013) जिसमें कार्तिक आर्यन और नुसरत भरुचा ने अभिनय किया और पुलकित सम्राट की बिट्टू बॉस (2012) जैसी फिल्मों में छोटी भूमिकाएं निभाईं। हालांकि, दंगल तक पहुंचने का उनका सफर काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन फातिमा सना शेख ने इस बारे में चिंता करने के बजाय कुछ समय के लिए दूसरा पेशा अपनाने का फैसला किया। अभिनेत्री ने एक फोटोग्राफर के तौर पर काम किया था। फिल्मों में मुख्य भूमिका के रूप में अभिनय की शुरुआत करने से पहले, फातिमा सना शेख ने एक फोटोग्राफर के रूप में और कुछ विज्ञापन फिल्मों के लिए सहायक छायाकार के रूप में काम किया था। 2009 में फातिमा को फिल्म तहान में उनकी भूमिका के लिए जर्मन स्टार ऑफ इंडिया पुरस्कार मिला।



# एक्टर दिलजीत दोसांझ की लंबे समय से अटकी पड़ी फिल्म जल्द होगी रिलीज!

दिलजीत दोसांझ ने हाल ही में अपनी बहुचर्चित फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट साझा किया है। जसवंत सिंह खालड़ा की बायोपिक को लेकर उन्होंने बताया है कि यह फिल्म कब रिलीज होगी। दिलजीत दोसांझ की फिल्म पंजाब 95 काफी समय से चर्चा में है। यह फिल्म अपने कंटेंट की वजह से लंबे समय से अटकी पड़ी है। हालांकि, अब लग रहा है कि यह फिल्म जल्द रिलीज हो सकती है। हाल ही में दिलजीत ने अपनी इस फिल्म को लेकर एक अहम जानकारी साझा की। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, बहुप्रतीक्षित फिल्म फरवरी में रिलीज हो रही है। इस हम अपने एलबम की रिलीज को स्थगित कर रहे हैं। दिलजीत ने अपने इंस्टा स्टोरी पर फिल्म के नाम का जिक्र नहीं किया, लेकिन साझा की गई तस्वीरों से फैंस यह अंदाजा लगा रहे हैं कि वह अपनी फिल्म पंजाब 95 की बात करें रहे हैं। अपने एक इंस्टाग्राम पोस्ट पर दिलजीत ने कुछ तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, मैं अंधकार को चुनौती दे रहा हूं। लोगों की प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं। एक यूजर ने लिखा, मुझे खुशी है कि दुनिया इस फिल्म को देख सकेगी और जसवंत सिंह खालड़ा के बारे में जान सकेगी। एक अन्य ने लिखा, इस तरह के किरदार केवल दिलजीत ही निभा सकते हैं। इसके अलावा और भी बहुत से यूजर्स ने फिल्म के जल्द रिलीज होने की खबर जानकर अपनी खुशी व्यक्त की। जसवंत सिंह खालड़ा पर आधारित है फिल्म दिलजीत दोसांझ की फिल्म पंजाब 95 लंबे समय से विवादों में है। फिल्म का निर्देशन हनी त्रेहान ने किया है। यह मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा की जीवन पर आधारित बायोपिक है। इसका निर्माण रॉनी स्क्रूवाला ने किया है। निर्माताओं ने फिल्म का नाम पहले घल्लूघारा रखा था, लेकिन बाद में इसे पंजाब 95 कर दिया गया। हालांकि, सेंसर बोर्ड ने निर्माताओं से इस फिल्म के नाम को भी बदलने की बात कही थी। कहानी काफी ज्यादा संवेदनशील मुद्दे पर है। इस वजह से सेंसर बोर्ड इस फिल्म को लेकर फूंक-फूंककर कदम रख रही थी। पहले इस फिल्म पर 85 कट लगाने की बात कही गई थी, लेकिन रिवाइज कमेटी में जाने के बाद इस पर 120 कट लगाने की बात कही गई थी। हालांकि, फिल्म पर कितनी कैंची चली है, इसकी आधिकारिक जानकारी आनी बाकी है।

# 'गेम चेंजर' के साथ पहले दिन ही हुआ खेला, बॉक्स ऑफिस 'फतेह' नहीं कर सकी सोनू सूद की फिल्म

गेम चेंजर बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन अच्छा कारोबार नहीं कर सकी। सोनू सूद की फिल्म फतेह का भी कुछ ऐसा ही हाल रहा। तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार राम चरण की बहुप्रतीक्षित फिल्म गेम चेंजर ने 10 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक दे दी। फिल्म की रिलीज को लेकर काफी समय से चर्चाएं तेजी थीं। मकर संक्रांति और पोंगल जैसे त्योहार के मौके पर आई यह फिल्म पहले भले ही बॉक्स ऑफिस पर अर्धशतक लगाने में कामयाब रही, लेकिन फिल्म के बजट के हिसाब से यह ओपनिंग अच्छी नहीं कही जा सकती। इस फिल्म को हिट होने के लिए अभी लंबी दूरी तय करनी होगी। वहीं, इसके साथ रिलीज हुई सोनू सूद की फिल्म फतेह का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल नजर आया। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की। इस फिल्म के अलावा पुष्पा 2 और मुफासा थिएटर्स में लगातार मजबूती से टिके हुए हैं। गेम चेंजर की बात करें तो पहले दिन पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर औसत शुरुआत की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 450 करोड़ के आस-पास है। ऐसे में इसे हिट होने के लिए कम से कम पहले दिन अपने लागत के 20 प्रतिशत की कमाई यानी 90 करोड़ का कलेक्शन करना चाहिए था। फिल्म ने 10 जनवरी को टिकट खिड़की पर 51.25 करोड़ का कलेक्शन किया। सबसे ज्यादा फिल्म ने तेलुगु में 42 करोड़ रुपये कमाए।



**मेट्रो बाजार**

# अनलिस्टेड फर्मों ने कमाई-बिक्री में लिस्टेड कंपनियों को पीछे छोड़ा

## रिपोर्ट: 2024-25 की दिसंबर तिमाही में लिस्टेड कंपनियों के नेट प्रॉफिट में सुधार की उम्मीद

**मुंबई.एजेंसी**

बिक्री में बढ़ोतरी, कमाई में इजाफा और राजस्व वृद्धि के मामले में शेयर बाजार में लिस्टेड (सूचीबद्ध) कंपनियों के मुकाबले गैर सूचीबद्ध (अनलिस्टेड) कंपनियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं और दमदार प्रदर्शन कर रही हैं। सीएमआईई के विश्लेषण के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में अनलिस्टेड कंपनियों की बिक्री 8.34 फीसदी बढ़ी, वहीं लिस्टेड कंपनियों की बिक्री में केवल 1.69 फीसदी का इजाफा हुआ। ये आंकड़े 4,231 अनलिस्टेड और 3,575 लिस्टेड कंपनियों के नतीजे पर आधारित हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक,अनलिस्टेड कंपनियां अक्सर अधिक दक्ष होती हैं और उन पर अनुपालनवनियामकीय बोझ कम होता है, जिससे उन्हें तेजी से बदलते परिवेश में अपनी रणनीतियां भी तुरंत बदलने में मदद मिलती है। टीसीएस के साथ ही कंपनियों के दिसंबर तिमाही नतीजों का दौर शुरू हो गया है। ऐसे में ब्रोकरों को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली दो तिमाही में खराब प्रदर्शन के बाद दिसंबर तिमाही में कंपनी जगत की आय और मुनाफा वृद्धि में सुधार दिख सकता है। ब्रोकिंग फर्मों के मुताबिक, निफ्टी 50 की कंपनियों का शुद्ध मुनाफा 7.9 फीसदी बढ़ेगा, जो तीन तिमाहियों में सबसे तेज होगी। 8.34 फीसदी बढ़ी अनलिस्टेड कंपनियों की बिक्री वर्ष 2023-24 में, लिस्टेड कंपनियों की बिक्री 1.69 फीसदीही बढ़ी है। 27.69 फीसदी बढ़ा लिस्टेड कंपनियो का मुनाफा टैक्स चुकाने के बाद, जबकि अनलिस्टेड कंपनियों का प्रॉफिट आफ्टर टैक्स 29 फीसदी से अधिक बढ़ा है।



# एमपी में गेहूं की अच्छी उपज के आसार, खाद्यान्न उत्पादन 10 लाख टन तक बढ़ने का अनुमान

**मुंबई, एजेंसी**

नई दिल्ली. मौसम अनुकूल रहा तो इस बार रबी सीजन में पिछले साल की तुलना में खाद्यान्नों का उत्पादन ज्यादा होगा। खासकर गेहूं की उपज अ'छी होने की उम्मीद है। कृषि मंत्रालय के आकलन के मुताबिक, बुआई की प्रगति और मौजूदा मौसमी परिस्थितियों को देखते हुए रबी सीजन 2024-25 के खाद्यान्न उत्पादन की संभावनाएं अ'छी हैं। खाद्यान्न उत्पादन लगभग 1610.11 लाख टन होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष 202×-24 की तुलना में 10 लाख टन अधिक है। मध्यप्रदेश में गेहूं और चना, राजस्थान में रेपसीड और सरसों के साथ गेहूं और चना व छत्तीसगढ़ में चना और गेहूं की सबसे ज्यादा बुआई हुई है। इस बार किसानों ने उच्च उपज देने वाली किस्मों जैसे पूसा चना मानव, जीएनजी 2171 चना और गेहूं में एचडी 3386 और एचडी 3385 को अपनाया है। बेहतर बारिश से धान का उत्पादन 12 करोड़ टन रहने का अनुमान है, जो पिछले साल के समान सत्र से 5.9 फीसदी अधिक है।

**क्या कहते हैं विशेषज्ञ:** पूसा, नई दिल्ली के बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रखंड के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने कहा, वर्ष 2024 के मानसून सीजन में औसत से अधिक वर्षा के होने के कारण मिट्टी में नमी का अच्छा स्तर होने से रबी फसलों, विशेष रूप से गेहूं, चना और तिलहन की खेती के रकबे में वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं आइसीएआर, नई दिल्ली के आनुवंशिकी प्रभाग के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सी भारद्वाज ने कहा, किसानों की ओर से रबी फसलों की उन्नत उच्च उपज देने वाली किस्मों को अपनाने से पैदावार में और सुधार होने की संभावना है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।


# मकान से अनाज समेत हजारों का सामान चोरी

**भोपाल।** नजीराबाद स्थित एक खुले मकान से चोर अनाज और बर्तन समेत हजारों का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक ग्राम



गढ़ाकला नजीराबाद निवासी बादाम सेन खेती किसानी करते हैं। पिछले दिनों वह काम से खेत पर चले गए थे, तभी उनके मकान से चोर दिनदहाड़े सोने-चांदी के जेवरात, बर्तन, गेहूं, सोयाबीन और नकदी समेत करीब 75 हजार का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कई मकानों में चोरी की वारदातें वहीं गौतम नगर थानांतर्गत रिसालदार कालोनी में रहने वाली सुशीला ठाकुर के मकान से चोर जेवरात, टीवी, बर्तन और कम्प्यूटर समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। बीडीए कालोनी शाहपुरा निवासी सुनील समेले के घर से चोर नल की टोटियां चोरी कर ले गए। कटारा हिल्स थानांतर्गत सफायर पार्क सिटी से लोहे की 120 सेंटिंग प्लेट्स चोरी हो गई। पुलिस ने प्रेम निगम की रिपोर्ट पर केस दर्ज किया है। चोरी गए प्लेटों की कीमत 90 हजार रुपए बताई गई है। तलैया थानांतर्गत भोईपुरा में रहने वाले मो। रईस के घर से चोर आईफोन, इयरगन, घड़ी और हेलमेट समेत करीब 93 हजार का सामान चोरी कर ले गए। इसी इलाके में जयश्री अस्पताल के पीछे कमला पार्क से इमदाद आलम के खुले मकान से चोर एक लैपटाप चोरी कर ले गए। चोरी गए लैपटाप की कीमत 18 हजार रुपये बताई गई है।

# कई वाहन फिर चोरी



**भोपाल।** राजधानी में कई वाहन फिर चोरी हुए हैं। एमपी नगर स्थित डीबी मॉल के सामने से विशाल सांवले और कोर्ट परिसर की पार्किंग से करण विश्वकर्मा की बाइक चोरी हो गई। कोलार रोड स्थित अम्बेडकर नगर से भीमराव, खेड़ापति हनुमान मंदिर छोला रोड से मयंक पंथी और बैरागढ़ स्थित सीआरपी कालोनी से भगवानदास की स्कूटर चोरी चली गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# बीयू में शुरू हुआ इग्नू का अध्ययन केंद्र, 18 पाठ्यक्रम होंगे संचालित

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने अवपना अध्ययन केंद्र स्थापित किया है ।जिसका लोकार्पणबीयू कुलगुरू प्रो. सुरेश कुमार जैन ने किया। इस अवसर पर प्रो. भारत सरन सिंह, अध्यक्ष, म.प्र. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, स्वामी नित्यज्ञानंदा, सचिव रामकृष्ण मिशन आश्रम भोपाल एवं डॉ. बिनी टॉम्स, वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक इग्नू की उपस्थिति में अध्ययन केंद्र कार्यालय का भी सतत शिक्षा विभाग में उद्घाटन किया गया। प्रारंभिक रूप से इग्नू के 18 पाठ्यक्रम इस केंद्र से संचालित किए जाएंगे। इसके बाद आवश्यकता अनुसार बढ़ोतरी भी की जाएंगी। इग्नू के अध्ययन केंद्र के लोकार्पण के अवसर पर कुलगुरु ने रुद्राक्ष वृक्ष का वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर प्रो. हेमंत खांडाई, समन्वयक इग्नू अध्ययन केंद्र ने सभी का स्वागत करते हुए इग्नू अध्ययन केंद्र की स्थापना पर हर्ष जताया एवं छात्रों के ज्ञान तथा कौशल में बढ़ोतरी हेतु इग्नू द्वारा पाठ्यक्रमों की उपयोगिता बताई। डॉ. बिनी टॉम्स क्षेत्रीय निदेशक भोपाल ने शैक्षिक प्रणाली में भारतीय ज्ञान परम्परा को समायोजित करने के विषय पर विस्तार से चर्चा की एवं इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय शिक्षा निति में दिए गए प्रावधानो पर भी प्रकाश डाला। डॉ. टॉम्स ने इग्नू द्वारा संचालित भारतीय ज्ञान परंपरा के पाठ्यक्रमो क्रमशः ज्योतिष ,वास्तु, भगवद गीता अध्ययन, वैदिक अध्ययन हिन्दू स्टडी, वैदिक गणित ,काल गणना, संस्कृत सम्बोधन जैसे पाठ्यक्रमों की चर्चा करते हुए कुलगुरु प्रो सुरेश कुमार जैन से बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के नामांकित छात्रों को भारतीय ज्ञान परंपरा के पाठ्यक्रमों के अध्ययन के लिए प्रेरित किया जाने हेतु आग्रह किया।

- कोहेफिजा पुलिस ने किया अंतरर्राज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड़, चार महिलाएं गिरफ्तार

# दिल्ली से आकर महिलाओं ने की लूट, वारदात कर कार से हो जाती थी चंपत

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**जैन समाज के चल समारोह में अलग-अलग महिलाओं के गले से सोने की 9 चेन चुराने वाली चार महिलाओं को कोहेफिजा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह सभी महिलाएं अंतरर्राज्यीय गिरोह बनाकर अलग-अलग शहरों में चोरी और लूट की वारदातों को अंजाम दे रही थी।**

गिरोह अर्टिगा कार से भोपाल पहुंचा था और वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गया था। आरोपी महिलाओं को चार दिन की रिमांड पर लिया गया है।

उन्होंने एक अन्य महिला से लूटपाट और मारपीट की बात भी स्वीकार की है। आरोपी महिलाओं से चोरी और लूट की अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

थाना प्रभारी बृजेंद्र मर्सकोले ने बताया कि कोहेफिजा निवासी प्रेमलता यादव ने गत 8 जनवरी को शिकायत करते हुए बताया कि शाम करीब साढ़े 6 बजे वह घर से लालघाटी जा रही थी। भूत बंगले के पास उन्हें एक महिला मिली। उसने पंचवटी जाने का पता पूछा। इसी बीच एक अन्य महिला ने पीछे आकर उनके गले से सोने की चेन झपट ली। उन्होंने विरोध किया तो दो अन्य महिलाएं और उनके साथ मारपीट करते हुए कार से भाग निकली। प्रेमलता की शिकायत पर पुलिस ने लूट और मारपीट का प्रकरण दर्ज किया।



## सीसीटीवी फुटेज में नजर आई दिल्ली की कार

पुलिस ने घटनास्थल और इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। इस दौरान दिल्ली पासिंग की संदिग्ध अर्टिगा कार नजर आई। पुलिस ने अन्य सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखकर रूटमैप तैयार किया। साथ ही महिलाओं का हुलिया मुखबिर तंत्र को भेजा गया। इस दौरान पुलिस को पता चला कि महिलाएं इस समय गांधी नगर में है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने घेराबंदी करते हुए अर्टिगा कार तक पहुंची तो ड्राइवर अंशू मौके से भाग निकला। पुलिस ने वहां मौजूद चारों महिलाओं को हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम अंजली सिंह, नगमा नायडू,ज्योति गोला, मधु नायडू निवासी अंबेडकर नगर नई दिल्ली बताए। उनसे पूछताछ में पता चला कि 1 जनवरी को उन्होंने जैन समाज के चल समारोह में लालघाटी में सोने की 9 चेन चोरी की थी।

## तीन दिन की रिमांड पर लिया

थाना प्रभारी बृजेंद्र मर्सकोले ने बताया कि उक्त अर्टिगा कार ज्योति गोला उर्फ ज्योति नायडू की है। आरोपी मधु का भाई अंशू उक्त कार में इन सभी महिलाओं को दिल्ली से लेकर पहुंचता था। उनके निशाने पर धार्मिक आयोजन हुआ करते थे। आरोपी महिलाएं शातिर है और अपने बचाव के लिए उनके पास अलग अलग शहरों में वकील भी हैं।

# 16 महीने से फरार 5 हजार का इनामी वारंटी गिरफ्तार



## फोन नंबर बदलकर कर रहा था नौकरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

टीटी नगर पुलिस ने मारपीट और अड़ीबाजी के मामले में पिछले सोलह महीने से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है. आरोपी की गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित था. पुलिस ने गोदरेज का सामान खरीदने के बहाने आरोपी से बात की और उसे दबोच लिया. उसके खिलाफ कमला नगर थाने में भी वारंट लंबित था। पुलिस के मुताबिक आरोपी राजकुमार राजपूत (29) श्यामला हिल्स का रहने वाला है. उसके खिलाफ टीटी नगर थाने में मारपीट और अड़ीबाजी समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ था, जिसमें वह फरार चल रहा था. पुलिस ने आरोपी के घर कई बार दबिश दी, लेकिन वह नहीं मिला था. उसने अपना मोबाइल भी बदल लिया था. इसी बीच पता चला कि राजकुमार इन दिनों गोदरेज कंपनी में इंस्टोलेशन का काम कर रहा है. इस पर पुलिस ने गोदरेज कंपनी का फर्नीचर खरीदने और इंस्टोलेशन करवाने के लिए संबंधित मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो बात राजकुमार से हुई. बड़ा आर्डर मिलने के झांसे में आकर वह मिलने के लिए तैयार हुआ तो पुलिस ने उसे कोलार तिराहे पर बुलाया. उसके आते ही पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया. पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ टीटी नगर समेत विभिन्न थानों में लड़ाई-झगड़े और मारपीट के मामले दर्ज हैं. फरारी के

# मादक पदार्थ तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

## 75 हजार का गांजा और स्कूटर बरामद

भोपाल, दोपहर मेट्रो

बैरसिया पुलिस ने मदाक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 75 हजार रुपये का गांजा और स्कूटर समेत कुल 1 लाख 45 हजार का माल जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी मादक पदार्थ कहां से लेकर आया था और कहां पर सप्लाई करने वाला था, इसको लेकर पूछताछ की जा रही है. जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक देहात प्रमोद कुमार सिन्हा ने इलाके में मादक पदार्थ और अवैध शराब की बिक्री तथा परिवहन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. इसी कड़ी शुक्रवार देर रात सूचना मिली कि एक युवक सफेद रंग की स्कूटर पर मादक पदार्थ गांजा लेकर तरावली रोड से नरसिंहगढ़ की तरफ जा रहा है. सूचना के बाद थाना



प्रभारी अरुण कुमार शर्मा तत्काल ही पुलिस टीम के साथ रवाना हुए. रात करीब तीन बजे ग्राम खजूरिया रामदास के पास एक युवक स्कूटर से आते हुए दिखाई दिया, जिसे पुलिस ने रोका. पूछताछ करने पर उसने अपना नाम तरुण यादव पुत्र रंजीत यादव निवासी ग्राम बरखेड़ा बोंदर थाना खजूरी सड़क बताया. स्कूटर की तलाशी लेने पर एक थैली में रखा करीब साढ़े सात किलोग्राम गांजा मिला, जिसे पुलिस ने स्कूटर समेत जब्त कर लिया. जब्त हुए गांजे और स्कूटर की कुल कीमत एक लाख पैंतालीस हजार रुपए बताई गई है. आरोपी को पकडने में टीआई शर्मा के साथ ही एसआई दिलीप जायसवाल, नवीन कुमार, प्रियांशी कौरव, आरक्षक रामसेवक यादव, नरोत्तम सिंह और एनआरएस सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा है।

## टीचर ने 11वीं के छात्र को पीटा, डीईओ कार्यालय शिकायत लेकर पहुंचे अभिभावक

**भोपाल।** राजधानी के तलैया क्षेत्र के सेंट माइकल स्कूल में एक शिक्षक द्वारा 11वीं के छात्र से मारपीट करने की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंची है। मामले मेंअभिभावकों ने डीईओ को बताया कि टीचर ने 11वीं के छात्र को इतना पीटा कि उसके दोनों पैरों की चमड़ी निकल गई। पीड़ित छात्र के अभिभावक के अनुसार, 9 जनवरी की सुबह 8 :30 बजे स्कूल परिसर में एक अन्य छात्र के साथ उसका विवाद हो गया था। स्कूल टीचर को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने छात्र की पिटाई कर दी।




**मेट्रो एंकर** कोलार गेस्ट हाउस के पास सरेराह 15 लाख की लूट करने वाले मास्टमाइंड समेत 6 गिरफ्तार

# हवाला की जानकारी पर पुलिस ने नहीं दिखाई रूचि

भोपाल, दोपहर मेट्रो

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित कोलार गेस्ट हाउस के पास दिनदहाड़े 15 लाख रुपए की नगदी लूटने वाले 6 लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लुटेरों के पास से 10 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी और लूटी गई रकम बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं। लूट का मास्टरमाइंड शातिर है और गुजरात के व्यापारियों का कलेक्शन करने वाले एजेंट की उसे जानकारी थी। वह शहर के अलग-अलग थानों में पहुंचकर पुलिसकर्मियों को हवाला कारोबार से जुड़े एजेंट की जानकारी दे चुका था, लेकिन पुलिस ने रूचि नहीं दिखाई तो उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर खुद ही एजेंट को लूटने की कहानी रच दी थी। जानकारी के अनुसार जानकी नगर चूनाभट्टी निवासी साहिल सिंह



(34) पुराने शहर स्थित जुमेराती से 15 लाख रुपए लेकर अपने घर लौट रहा था। उसके साथ दोस्त रोहित भी स्कूटर पर बैठा था। बुधवार दोपहर करीब 1 बजे दोनों कोलार तिराहा स्थित गेस्ट हाउस के पास पहुंचे, तभी पीछे से अपाचे बाइक पर आए दो बदमाशों ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से स्कूटर सवार दोनों युवक गिर गए। इसी बीच बदमाश उनका नोटों से भरा बैग लेकर भाग निकले। घटना के समय बाइक पर सवार दो अन्य बदमाश पहले वाले बदमाशों का सहयोग कर रहे थे। दिनदहाड़े लूटपाट की घटना के बाद पुलिस कमिश्नर हरिनारायाण चारी मिश्र ने चूनाभट्टी और निशातपुरा संभाग के साथ ही क्राइम ब्रांच समेत कुल पांच टीम धरपकड़ के लिए बनाई। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 30 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया।

घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। साथ ही पुराने बदमाशों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसके बाद वारदात करने वाले आरोपियों का सुराग मिला। आधा दर्जन बदमाश गिरफ्तार पुलिस ने इस मामले में आरोपी दीपक पटेल निवासी भानपुर जेके स्टोर के पास, संतोष उर्फ ललन विश्वकर्मा निवासी मालीखेड़ी विदिशा रोड, रिषभ ठाकुर, विपिन चौहान, भूपेन्द्र ठाकुर और अभिषेक चौहान चारों निवासी ग्राम रेहटी जिला सीहोर को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से कुल 10 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। दीपक ने रैकी के बाद रची लूट की साजिश पुलिस ने बताया कि इस वारदात को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी दीपक पटेल है। उसने अपने साथियों को फरियादी के बारे में जानकारी दी थी कि वह रुपए लेकर आता-जाता है। उसके बाद बाकी साथियों ने घटना को अंजाम देने की तैयारी की।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022